



दैनिक
सीहोर जिले का प्रथम दैनिक
K K
RNI No.MPHIN/2003/10309


# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-40 सीहोर, शुक्रवार 27 मार्च 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## विविध-समाचार

### नायरा एनर्जी ने पेट्रोल पांच रुपये महंगा किया, डीजल के दाम भी बढ़ाएं




नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी निजी ईंधन रिटेलर कंपनियों में शामिल नायरा एनर्जी ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी। कंपनी ने पेट्रोल के दाम में पांच रुपये प्रति लीटर और डीजल में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। सूत्रों के अनुसार, यह फैसला वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हालिया तेजी के बाद लिया गया है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में तेज उछाल आया है, जिसका असर अब घरेलू बाजार पर भी दिखने लगा है।बताया जा रहा है कि 28 फरवरी के बाद से अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में करीब 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। इसी दौरान भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें लंबे समय से स्थिर बनी हुई थीं, जिससे ईंधन विपणन कंपनियों पर लागत का दबाव बढ़ रहा था।

### राम नवमी के जुलूसों के लिए पश्चिम बंगाल के तनावग्रस्त इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था सख्त

कोलकाता ,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में तनावग्रस्त इलाकों को गुरुवार की सुबह से ही व्यापक सुरक्षा घेरे में रखा गया है, क्योंकि दिन में राम नवमी के जुलूसों को लेकर तनाव और हिंसा की आशंका है। कोलकाता से सटे हुगली जिले के चंदननगर और उत्तरी दिनाजपुर जिले के इस्लामपुर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस संबंध में बुधवार की शाम को राज्य सचिवालय, नबन्ना में एक आपातकालीन वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाला ने की और इसमें राज्य गृह सचिव संघमित्रा घोष, राज्य पुलिस महानिदेशक सिद्ध नाथ गुप्ता, जिला मजिस्ट्रेट और जिला पुलिस अधीक्षकों सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पैसे मांगने घर पहुंचा युवक, इनकार पर चाकू से महिला पर किया हमला, हालत गंभीर

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। मयूर विहार पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक महिला पर हत्या के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना बुधवार की रात हुई, जिसमें गंभीर रूप से घायल एक महिला को लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मयूर विहार पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली कि अफसाना नामक महिला घायल अवस्था में आई है। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर महिला से पूछताछ की।

### मुंबई में बिना वैध वीजा रहने वाली युगांडा की दो महिलाएं पकड़ी गईं, डिपोर्टेशन की प्रक्रिया जारी

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के वाकोला इलाके में पुलिस और एंटी-टेररिज्म सेल (एटीसी) की संयुक्त कार्रवाई में दो महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। ये दोनों महिलाएं बिना वैध वीजा के काफी समय से भारत में रह रही थी। पुलिस ने दोनों महिलाओं को हिरासत में लेने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान युगांडा की नागरिक नकायोंडो रोज (37) और केमिगिसा प्रोसकोविया (26) के रूप में हुई है। अब दोनों महिलाओं को वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। युगांडा के दूतावास से भी संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि ये दोनों महिलाएं पिछले कुछ सालों से मुंबई के कालिना इलाके में रह रही थीं लेकिन इनके पास रहने के लिए वैध वीजा या जरूरी दस्तावेज नहीं थे।

## छिंदवाड़ा में दर्दनाक हादसा

# पिकअप से टकराकर बस पलटी, 10 लोगों की दर्दनाक मौत; कई की हालत गंभीर



छिंदवाड़ा (आरएनएस)। छिंदवाड़ा में पिकअप से टक्कर के बाद बस पलट गई, जिसमें 10 लोगों की मौत और कई घायल हुए हैं। बस में 40 से ज्यादा यात्री सवार थे। उमरानाला में हुए हादसे के बाद घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में गुरुवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जहां पिकअप से टक्कर के बाद एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में दस लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे में कुछ यात्रियों के हाथ कटने और कई के सिर फूटने जैसी गंभीर चोटें सामने आई हैं।कलेक्टर हरेंद्र नारायण ने मौतों की पुष्टि की है। हादसे पर सीएम मोहन यादव ने भी दुख जताया है। उन्होंने सहायता राशि की घोषणा भी की है। पुलिस के अनुसार, घटना शाम करीब साढ़े 6 बजे उमरानाला क्षेत्र में हुई। बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे और यह छिंदवाड़ा से उमरानाला की ओर जा रही थी। जानकारी मिली है कि बस में सवार अधिकांश लोग चौरई तहसील में आयोजित हितग्राही सम्मेलन से लौट रहे थे, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए थे।फिलहाल हादसे के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। घटना के तुरंत बाद पुलिस और डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा के पास हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया

### *दिवंगत व्यक्तियों के परिजन को 4-4 लाख की सहायता राशि देने के निर्देश*

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा के पास हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिला प्रभारी मंत्री राकेश सिंह को घटना में प्रभावित लोगों से मिलने के लिये निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार की शाम को छिंदवाड़ा-नागपुर रोड पर हृदय विदारक सड़क दुर्घटना हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की है कि सभी दिवंगत नागरिकों की आत्मा को शांति प्रदान करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। जबलपुर से डॉक्टर्स के दल पैरामेडिकल स्टाफ सहित छिंदवाड़ा और नागपुर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह को भी अपने कार्यक्रम परिवर्तित कर तत्काल छिंदवाड़ा पहुँचने के लिए निर्देशित किया है।



## इजराइल का हमला, होर्मुज बंद करने वाले ईरानी कमांडर की मौत, ईरान की बाब-अल-मंदेब पर हमले की धमकी



तेल अवीव(ए.)। इजरायल ने दावा किया है कि उसने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के नेवी कमांडर अलीरेजा तंगसीरी को मार गिराया है। इजरायली मीडिया ने इसकी जानकारी दी है। द टाइम्स ऑफ इजरायल' ने इजरायली अधिकारी के हवाले से बताया कि बंदर अब्बास शहर पर किए गए हमलों में नेवी कमांडर मारे गए, हालांकि ईरान की तरफ से अभी तक इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पिछले कुछ दिनों में अलीरेजा तंगसीरी का नाम सुर्खियों में रहा है। वो आईआरजीसी नेवी के प्रमुख थे और उन्हें ईरान की समुद्री सैन्य रणनीति का अहम चेहरा माना जाता था। खास तौर पर होर्मुज में जहाजों की निगरानी और सैन्य कार्रवाई में उनकी बड़ी भूमिका रही है। दक्षिणी ईरान के बुशहर प्रांत में जन्मे तांगसीरी, ईरान-इराक युद्ध और तथाकथित टैंकर युद्ध (यह 1980 के दशक में ईरान के साथ अमेरिका का पहला संघर्ष था) में अहम भूमिका निभाने के बाद आईआरजीसी नेवी का हिस्सा बने। तांगसीरी ने बंदर अब्बास में आईआरजीसी नेवी के पहले नेवल डिस्ट्रिक्ट की कमान संभाली और 2010 से 2018 तक डिप्टी कमांडर के तौर पर काम किया, जिसके बाद उन्होंने फोर्स के चीफ का पद संभाला।

अगर तंगसीरी की मौत की पुष्टि हो जाती है तो उनका नाम उन वरिष्ठ ईरानी अधिकारियों की बढ़ती लिस्ट में शामिल हो जाएगा जिनकी 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से हत्या कर दी गई थी, जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर संयुक्त सैन्य कार्रवाई की थी।

### देश के पास 60 दिन का तेल और गैस का पर्याप्त भंडार, अफवाहों पर न करें भरोसा : सरकार

नई दिल्ली, (ए.)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश के पास करीब 60 दिनों का पर्याप्त ईंधन भंडार है। पेट्रोल, डीजल या घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कोई कमी नहीं है। सरकार ने ईंधन की कमी की खबरों को अफवाह बताकर लोगों से भरोसा न करने को कहा है पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह से सुरक्षित और नियंत्रण में है। सभी खुदरा ईंधन आउटलेट्स पर पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है। देश में कहीं भी पेट्रोल-डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे जान-बूझकर चलाए जा रहे एक शरारतपूर्ण और सुनियोजित दुष्प्रचार अभियान से गुमराह न हों, जिसका उद्देश्य बेवजह घबराहट फैलाना है।

## कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पहुंचे श्रीरामलला की शरण में

### दर्शन के बाद राम मंदिर के विरोध के आरोपों को किया खारिज



अयोध्या,(ए.)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह रामनवमी के दिन गुरुवार को श्रीरामलला के शरण मेंअयोध्या पहुंचे हैं। उन्होंने राम जन्मभूमि मंदिर मे भगवान रामलला का दर्शन-पूजन किया और साथ ही हनुमानगढ़ी में भी माथा टेका। उन्होंने रामनवमी के दिन अयोध्या आने को अपना सौभाग्य बताया। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज विमान से अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यहां मीडिया से बातचीत में कांग्रेस नेता ने कहा कि रामनवमी पर अयोध्या आना उनका सौभाग्य है। उन्होंने देशवासियों के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने राम मंदिर विरोध करने के आरोपों को खारिज किया।

### 1 अप्रैल से महंगी होंगी दर्द से बुखार तक की सभी दवाएं, 1000 से अधिक जरूरी दवाओं के बढ़ जाएंगे दाम

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। आम लोगों को 1 अप्रैल 2026 से दवाओं की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी का सामना करना पड़ेगा। सरकार ने आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (NLEM) में शामिल दवाओं के दामों में करीब 0.6 प्रतिशत तक वृद्धि की अनुमति दी है। यह बढ़ोतरी 1,000 से अधिक जरूरी दवाओं पर लागू होगी। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (NPPA) के अनुसार, यह फैसला थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के आधार पर लिया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2025 में WPI में 2024 की तुलना में 0.64956 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके आधार पर दाम समायोजित किए गए हैं। गौरतलब है कि सूचीबद्ध (नियंत्रित) दवाओं की कीमतों में बदलाव की अनुमति साल में एक बार दी जाती है। आवश्यक दवाओं की इस सूची में पेरासिटामोल, एजिथ्रोमाइसिन जैसी एंटीबायोटिक्स, एनीमिया की दवाएं, विटामिन और मिनरल सप्लीमेंट्स शामिल हैं।



## मध्य प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम

# तेज गर्मी के बीच 27-29 मार्च तक आंधी-बारिश का अलर्ट



भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश में मार्च महीने के अंत में एक बार फिर मौसम करवट लेने जा रहा है। प्रदेश में तीसरी बार बारिश और आंधी का दौर देखने को मिलेगा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 27, 28 और 29 मार्च तक कई इलाकों में बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसका सबसे ज्यादा असर उज्जैन, ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग में देखने को मिलेगा। हालांकि, इससे पहले आज गुरुवार को प्रदेश में तेज गर्मी का असर बना रह सकता है। खासतौर पर उज्जैन, भोपाल, सागर और नर्मदापुरम संभाग में तापमान अधिक रहने के आसार हैं। बुधवार को भी कई शहरों में गर्मी का असर देखने को मिला। प्रदेश के पांच शहरों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। बड़े शहरों में उज्जैन सबसे गर्म रहा, जहां तापमान 36.5 डिग्री दर्ज किया गया। जबलपुर में 36.1 डिग्री, इंदौर में 36 डिग्री, भोपाल में 35.8 डिग्री और ग्वालियर में 35.1 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं, नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां पारा 38.8 डिग्री तक पहुंच गया। इसके अलावा रतलाम में 38.6 डिग्री, खंडवा में 38.5 डिग्री, खरगोन और रायसेन में 38 डिग्री, धार और मंडला में 36.8 डिग्री, गुना में 36.5 डिग्री, खजुराहो में 36.4 डिग्री और बैतूल में 36.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

### पश्चिम एशिया संकट

### पीएम मोदी करेंगे मुख्यमंत्रियों के साथ ऑनलाइन बैठक, राज्यों की तैयारियों की होगी समीक्षा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बातचीत करेंगे। इस बैठक में पश्चिम एशिया में बदलते हालात की समीक्षा की जाएगा और इसके भारत पर पड़ने वाले असर का आकलन किया जाएगा, खासकर तरल प्राकृतिक गैस (एलपीजी) और तेल आपूर्ति से मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में तैयारियों पर फोकस किया जाएगा, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला, उर्जा सुरक्षा और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। प्रधानमंत्री बैठक में टीम इंडिया की भावना के तहत सामूहिक प्रतिक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाल सकते हैं, ताकि केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बना रहे।




# देश भर में सुविधाजनक पुलियाएँ बनाने का रेल मंत्री का निर्देश

## रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर इन रेल पुलियाओं से लगेगी रोक। पटरी के आर पार इन सुगम पुलियाओं का निर्माण मात्र 12 घंटे में किया जा सकेगा



नई दिल्ली (आरएनएस)। रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को अब रेलवे मिशन मोड में रोकेगा। सुविधाजनक पुलियाएँ बनाकर इसे सुनिश्चित किया जाएगा। इसकी व्यापक तैयारियों के रूप में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में संबंधित अधिकारियों की एक workshop की। जहाँ रेल पटरी के एक तरफ बस्ती है और दूसरी तरफ़ खेत, विद्यालय, श्मशान या अन्य उपयोगी एवं महत्वपूर्ण स्थान, ऐसे स्थानों पर ये रेल पुलियाएँ बनाई जायेंगी। रेल मंत्री ने देशभर में ऐसी रेल पुलियाओं को बनाने का निर्देश दिया, जहाँ अपने रोजमर्रा के जीवन में बड़ी संख्या में लोग पटरियों को पार करते हैं। जीवनदायी विकल्प के रूप में उभरेगी रेल पुलियारेल मंत्री ने अधिकारियों को एक ऐसी सुविधाजनक रेल पुलिया बनाने को कहा जो पटरी पार करने वाले लोगों के लिए एक जीवनदायिनी विकल्प के रूप में उभरे।

इन रेल पुलियाओं को बनाते समय यह ध्यान रखा जाएगा कि एक आम आदमी साइकिल, मोटर साइकिल तथा कामकाज से जुड़ी अन्य चीजों को भी अपने साथ ले जा सके। इससे देशभर में पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। देश की एक बड़ी आबादी के लिए भारतीय रेल की ये पुलिया वरदान साबित होगी। रेल मंत्री ने अधिकारियों को देश की इस बड़ी समस्या से अगले 5-6 वर्षों में निजात दिलाने को कहा। ये पुलियाएँ इस प्रकार से बनाई जायेंगी ताकि पटरियों के आर पार इनका निर्माण मात्र 12 घंटे में हो सके। रेल मंत्री ने कहा कि, डिज़ाइन इस प्रकार की हो, ताकि लोगों को इसे इस्तेमाल करने में कोई हिचक न हो। जल भराव से पुलिया प्रभावित न हो।रेल पुलिया बनाने का यह महत्वपूर्ण निर्णय पिछले कई दिनों से अधिकारियों के साथ चली आ रही मंत्रणा का परिणाम है। रेल मंत्री का मानना है कि, व्यवस्था संवेदनशील हो तथा एक आम आदमी की समस्यों का सभी अधिकारी ऐसा समाधान निकालें जो आने वाले कई दशकों तक प्रभावी रहेसबवे या पुलिया का स्ट्रक्चर बनने के बाद साईट पर जहाँ पुलिया लगनी है वहाँ लाया जाएगा ।ब्लॉक के अंतर्गत रेल पटरी को काट के 12 घंटे के अंतर्गत लगाके पुलिया use के लिए ready की जाएगी। पुलियों का स्ट्रक्चर पहले से तैयार किया जाएगा और फिर साइट पर लाकर 12 घंटे के ब्लॉक में लगाया जाएगा।

### प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल को बताया दिल्ली का डकैत, शीशमहल में लगे लग्जरी आइटम्स का शेयर किया वीडियो

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने केजरीवाल को दिल्ली का डकैत बताया है। प्रवेश वर्मा ने एक्स पोस्ट में लिखा, दिल्ली के डकैत की कहानी। भरोसे का चेहरा लेकर आया और खजाना अपने सपनों के शीशमहल में लगा गया। दिल्ली सरकार के मंत्री ने वीडियो पोस्ट शेयर किया है, जिसका शीर्षक है, धुरंधर पार्ट-3: दिल्ली के रहमान डकैत की कहानी। इस वीडियो में प्रवेश वर्मा खुद शीशमहल में लगे लग्जरी आइटम्स को दिखाते नजर आ रहे हैं।



दरअसल, इससे एक दिन पहले बुधवार को दिल्ली विधानसभा में भी प्रवेश वर्मा ने इसी मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने सदन में एक लंबी सूची पेश करते हुए आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री के सरकारी आवास को शीशमहल की तरह तैयार किया गया।





# संक्षिप्त समाचार

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रसिद्ध कवयित्री महादेवी वर्मा की जयंती पर किया नमन

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हिन्दी साहित्य के छायावादी युग की प्रमुख स्तंभ, प्रसिद्ध कवयित्री महादेवी वर्मा की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रद्धेय महादेवी वर्मा की कृतियों के हर शब्द भावनाओं के संवाहक हैं, जो ह्दय की गहराइयों में समा जाते हैं। ये कृतियां देश की अमूल्य धरोहर है।

## अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह से जुड़े प्रकरणों की जांच के लिए एसआईटी गठित

### एडीजी श्री वर्मा नोडल अधिकारी नियुक्त

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश के अशोकनगर, इंदौर (शहर एवं देहात), खरगोन एवं भोपाल जिलों के थानों में दर्ज अंतर्राज्यीय संगठित आपराधिक प्रकरणों की प्रभावी जांच के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। एसआईटी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसटीएफ श्री श्रीनिवास वर्मा के पर्यवेक्षण में कार्य करेगी। एसआईटी का प्रभार पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक (रेल) भोपाल राहुल कुमार लोढ़ा को दिया गया है। एसआईटी में पुलिस अधीक्षक एसटीएफ भोपाल राजेश सिंह भदौरिया, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ इंदौर नवीन कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक एटीएस मुख्यालय भोपाल वैभव श्रीवास्तव, सहायक पुलिस महानिरीक्षक (रेडियो) सुधीर कनोजिया, एसटीएफ मुख्यालय भोपाल के उप पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत अवस्थी, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती दिव्या सिंह राजावत, कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह चौहान एवं कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती योगिता साटनकर को सदस्य बनाया गया है। एसआईटी संबंधित सभी प्रकरणों की केस डायरी तत्काल संबंधित जिलों से प्राप्त कर अग्रिम विवेचना प्रारंभ करेगी। एसआईटी मुख्यालय भोपाल में रहकर विवेचना करेगी। साथ ही आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसटीएफ द्वारा अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी एसआईटी में नामांकित किया जा सकेगा। संबंधित प्रकरणों के वर्तमान विवेचक भी एसआईटी के नामांकित सदस्य रहेंगे।

## उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने रामनवमी पर दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ

भोपाल (ए.)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने राम नवमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने अपने संदेश में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा, धर्म और आदर्शों का सर्वोच्च उदाहरण है। उनका जीवन हमें कर्तव्यनिष्ठा, परोपकार और समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि रामनवमी का यह पावन पर्व हम सभी को आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही हम एक समृद्ध, सशक्त और संस्कारवान समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## साइबर ठगी के मामले में मध्यप्रदेश पुलिस को मिली सफलता

### *आलीराजपुर एवं देवास जिलों में पुलिस नेसायबर धोखाधड़ी के मामलों में 9 लाख रूपये से अधिक की राशि पीड़ितों को वापस कराई*

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश में साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही है। इसी क्रम में आलीराजपुर एवं देवास जिलों की पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों को 9 लाख`8 हजार 499 रुपये की राशि वापस दिलाई गई है।

**आलीराजपुर**

जिले में पुलिस द्वारा त्वरित एवं तकनीकी कार्यवाही करते हुए साइबर धोखाधड़ी के`4 प्रकरणों में कुल 7 लाख 4 हजार 499 रूपये की राशि संबंधित फरियादियों को वापस कराई गई है। यह कार्रवाई साइबर सेल एवं संबंधित संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी रूप से संपन्न की गई।

**देवास**

जिले में ई-जीरो FIR नवाचार के तहत थाना बागली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए साइबर फ्रॉड के एक प्रकरण में 1 लाख 68 हजार रुपये की संपूर्ण राशि करीब तीन माह के अथक प्रयासों के बाद पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराई है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु निरंतर नवाचार एवं सुदृढ़ तंत्र विकसित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। मध्यप्रदेश पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 193 पर कॉल करेंअथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं या निकटतम पुलिस थाने से संपर्क करें।

## बीज संघ हाइब्रिड बीजों का उत्पादन कर किसानों को बाजार से आधी कीमत पर उपलब्ध कराएगा : मंत्री श्री सारंग

### *'एम.पी. के चीता बीज' को विश्व स्तरीय ब्रांड बनाने की होगी पहल नई सीड प्रोसेसिंग यूनिट और किसानों के प्रशिक्षण पर दें विशेष ध्यान*

भोपाल (ए.)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने राज्य सहकारी बीज एवं विपणन संघ मर्यादित, भोपाल (बीज संघ) के संचालक मंडल की बैठक में बीज उत्पादन बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा किसानों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बीज संघ द्वारा मक्का, नॉन-जीएम कपास एवं सब्जियों के हाइब्रिड बीजों का उत्पादन एवं विपणन किया जाएगा। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज बाजार मूल्य की तुलना में लगभग आधी कीमत पर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि इससे किसानों की लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलेगी। मंत्री श्री सारंग ने बीज संघ के 'चीता बीज' को विश्व स्तरीय ब्रांड के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए बीजों की गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा सोशल मीडिया, कृषि मेलों और प्रदर्शनियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में बताया गया कि बीज प्रसंस्करण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई सीड प्रोसेसिंग यूनिट एवं कलर सॉर्टेक्स मशीनें स्थापित की जाएंगी। प्रथम चरण में यह कार्य गुना एवं खरगोन में प्रारंभ किया जाएगा, जिसे पैक्स एवं सहकारी समितियों के माध्यम से प्रदेश के अन्य जिलों में विस्तारित किया जाएगा। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि किसानों को बीज उत्पादन के लिए प्रशिक्षित किया जाए।

# राज्य सरकार सच्चा वादा और पक्का काम के ध्येय को साकार करते हुए बढ़ रही है संकल्प से सिद्धि की ओर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## श्री हनुमान लोक का लोकार्पण प्रदेश में रामराज्य की स्थापना के प्रति राज्य सरकार की आस्था का प्रकटीकरण

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार सच्चा वादा और पक्का काम के ध्येय को साकार करते हुए संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ रही है। उज्जैन में 3 साल पहले बाबा महाकाल का महालोक बना। उसके बाद प्रदेश में प्रमुख तीर्थ स्थलों को धाम के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। आज चैत्र नवरात्रि में पांढुर्णा के जामसांवली मंदिर में श्री हनुमान लोक सहित 362 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन अद्भुत अवसर है। उन्होंने जामसांवली श्री हनुमान लोक के दूसरे चरण के विकास कार्यों के लिए घोषणा की तथा बताया कि यहां श्रद्धालुओं के लिए 10 बिस्तर का छोटा अस्पताल भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीराम नवमी के अवसर पर शुक्रवार को भोपाल से राजा रामचंद्र धाम ओरछा के लिए पीएमश्री हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ होगा। श्री हनुमान लोक का लोकार्पण प्रदेश में राम राज्य की स्थापना के प्रति सरकार की आस्था को प्रकट करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पांढुर्णा में स्थित जामसांवली मंदिर में श्री हनुमान लोक के प्रथम चरण के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 111 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत के 31 विकास कार्यों का लोकार्पण और 251 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत के 33 विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूह की बहनों को ऋण स्वीकृति पत्र और किसानों को पट्टों का वितरण किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पांढुर्णा जिले की पहचान संतरे की डलिया भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश केसाथ मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ रहा है। खाड़ी में युद्ध की स्थिति में प्रधानमंत्री भारत के स्वाभिमान के साथ विदेश नीति पर निर्णय ले रहे हैं।

भारत सरकार के संकल्प से ही संकट के समय विदेशों में फंसे हजारों भारतीयों की स्वदेश वापसी संभव हो पाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री हनुमान ने जीवन में बड़ी चुनौतियों का अडिग रहते हुए सामना किया। प्रभु श्रीराम ने संकट के समय जब भी हनुमान जी को याद किया, उन्होंने पल भर में समस्या का समाधान कर दिया। जय बजरंगबली से हमें सीख मिलती है कि जीवन में कभी भी विनम्रता को नहीं छोड़ना चाहिए। साथ ही मन-बुद्धि के साथ अपने शरीर के स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नव गठित पांढुर्णा जिले में लंबे समय से कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय की आवश्यकता थी। इसकी पूर्ति करते हुए अब पांढुर्णा को जिला पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालय के भवन की सौगात भी मिल रही है।



मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीसी से समस्त कलेक्टर्स को जिले के कानून व्यवस्था एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

## समाधान योजना में 25 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने लिया लाभ : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

भोपाल (ए.)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि समाधान योजना में अब तक 25 लाख 75 हजार बिजली उपभोक्ताओं में सरचार्ज में छूट का लाभ लिया है। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में यह योजना 28 फरवरी तक लागू थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी। समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। मंत्री श्री तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि वे तीन माह से अधिक के बकाएदार हैं और योजना में अभी तक शामिल नहीं हो पाए वे अब 31 मार्च तक योजना में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास 1.0 में निर्मित स्टॉप डैम एवं चेक डैम की मरम्मत एवं नवीनीकरण के किए जाएंगे कार्य

भोपाल (ए.)। जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं सतत विकास को सुदृढ़ आधार प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अभियान चलाया जा रहा है। 19 मार्च से शुरू हुआ यह अभियान 30 जून 2026 तक चलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह महाअभियान केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य के समग्र विकास, ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण जन-अभियान के रूप में चल रहा है। इस वर्ष अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास के कार्यों को भी शामिल किया गया है। वाटरशेड विकास 2.0 के अंतर्गत 68 कंटूर ट्रेंच, 91 गेबियन संरचनाएं, 842 खेत-तालाब, 26 स्टॉप डैम, 204 चेक डैम, 281 तालाब, 76 रिचार्ज शाफ्ट तथा 19 अन्य जल संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों के माध्यम से वर्षा जल का अधिकतम संचयन, भू-जल पुनर्भरण, मृदा संरक्षण एवं जल उपलब्धता में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसानों को सिंचाई सुविधा में विस्तार एवं कृषि उत्पादन में वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ प्रा?त हो सकेगा। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास 1.0 के अंतर्गत पूर्व में निर्मित स्टॉप डैम एवं चेक डैम की मरम्मत एवं नवीनीकरण के कार्य भी किए जाएंगे।

## खतरनाक उद्योगों में बाल श्रम पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर शून्य रेटिंग

भोपाल (ए.)। प्रदेश में 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों का खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में नियोजन पूर्णत: प्रतिबंधित कर दिया गया है। सहायक श्रम आयुक्त सुश्री राखी जोशी ने बताया है कि श्रम स्टार रेटिंग के अंतर्गत यदि किसी संस्थान में बाल श्रम अथवा बंधक श्रम पाया जाता है, तो जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उस संस्थान को शून्य अंक दिए जाएंगे। इस संबंध में मध्यप्रदेश के सभी श्रम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिन संस्थानों में बाल या बंधुआ श्रमिक नियोजित नहीं हैं, उन्हें अन्य मापदंडों में कुछ कमी होने के बावजूद श्रम स्टार रेटिंग प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बाल श्रम उन्मूलन के लिए श्रम विभाग द्वारा वेदा पहल के अंतर्गत लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को नियमित समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है और अभियोजन मामलों की कड़ी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 (टोल-फ्री, 24/7) पर प्राप्त शिकायतों की भी निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है।

## सागर के डायल 112 हीरोजः तत्परता और संवेदनशीलता से बिछड़ी मासूम बच्ची को सुरक्षित परिवार से मिलाया



भोपाल (ए.)। सागर जिले मेंडायल-112 सेवा की त्वरित कार्रवाई और मानवीय संवेदनशीलताका एक सराहनीय उदाहरण सामने आया, जहाँ रेलवे स्टेशन पर परिजनों से बिछड़ी एक मासूम बच्ची को सुरक्षित तलाश कर उसके परिवार से मिलाया गया। इस पूरी कार्यवाही ने पुलिस की मुस्तैदी और जिम्मेदारी को एक बार फिर साबित किया। दिनांक 26 मार्च 2026 को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल से सूचना प्राप्त हुई कि एक छोटी बच्चीसागर रेलवे स्टेशनपर अकेली रह गई है, जबकि उसके परिजन ट्रेन से आगे निकल गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम सागर में पदस्थउप निरीक्षक आर.के.एस. चौहानने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्कालएफआरव्ही-05 गोपालगंजको मौके के लिए रवाना किया। एफआरव्ही टीम ने घटनास्थल पर पहुँचकरजीआरपी सागरके सहयोग से तत्काल सर्चिंग अभियान प्रारंभ किया और कुछ ही समय में रोती हुई मासूम बच्ची को सुरक्षित ढूंढ लिया। इसके पश्चात बच्ची को पुलिस कंट्रोल रूम सागर लाया गया, जहाँ से उसके परिजनों से संपर्क स्थापित कर उन्हें बुलाया गया।

## दो दिवसीय सड़क सुरक्षा प्रबंधन कोर्स का आयोजन



**सड़क दुर्घटनाओं में कमी के लिये हुआ पीटीआरआई में प्रशिक्षण**

भोपाल (ए.)। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात की नवीन तकनीकों से परिचय कराने के लिये इलेक्ट्रॉनिक इनफोर्समेंट इन एमपी एण्ड टाइम बाउंड इनवेस्टीगेशन फोर रोड़ विषय पर आधारित दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री विवेक शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस परिवहन शोध संस्थान (पीटीआरआई) भोपाल में किया गया। मध्यप्रदेश में सड़क पर होने वाली वाहन दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा प्रबंधन कोर्स के माध्यम से दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु में कमी लाने के लिये पीएम राहत योजना (कैशलेस), राहवीर योजना, हिट एण्ड रन पीड़ित प्रतिकर योजना का व्यापक प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया गया। साथ ही यातायात प्रवर्तन की नई तकनीकों जैसे पीओएस, आईटीएमएस, ई-चालन जैसे नव प्रयोगों के बारे में व्यापक अद्यतन रूप से विषय-विशेषज्ञों द्वारा सेमिनार में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा के सिहोरा मॉल में सहस्त्र चण्डी यज्ञ में सपत्नीक पूजा अर्चना की।

**खबर का असर**

## श्रद्धालुओं को सुविधाएँ उपलब्ध कराने में नहीं रखी जाएगी कोई कमी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### क्षिप्रा नदी पर घाटों का किया निरीक्षण


उज्जैन की क्षिप्रा नदी में गदे पानी में नहाने को मजबूर श्रद्धालू

सुविधाओं से वंचित खुले में कपड़े बदलने को मजबूर महिलाएं



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में क्षिप्रा नदी पर घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रखी जायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री अंगारेश्वर और श्री सिद्धवट के मध्य क्षिप्रा नदी पर बन रहे नए घाटों का अवलोकन भी किया। ये घाट आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के स्नान और अन्य सुविधाओं के लिए तैयार किए जा रहे हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनिर्मित घाटों के लगभग 200 मीटर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए वस्त्र बदलने की व्यवस्था तथा सुविधाजनक स्थानों पर टॉयलेट बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख घाटों पर लगभग 200 मीटर की दूरी पर सुविधा घर विकसित करने के निर्देश भी दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घाटों के आसपास श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए लगभग 500 मीटर की दूरी पर सीढ़ियाँ या अन्य पहुँच मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, जिससे मुख्य घाटों तक पहुंचना आसान हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री सिद्धवट और श्री अंगारेश्वर मंदिर के बीच निर्माणाधीन पुल का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि पुल के निर्माण से दोनों प्रमुख धार्मिक स्थलों के बीच आवागमन सुगम होगा और श्रद्धालुओं को एक वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध होगा। घाटों पर स्नान के लिए लगभग 5 मीटर चौड़ा घाट तैयार किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं के आने-जाने के साथ बैठने की भी पर्याप्त सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घाटों पर श्रद्धालुओं के बैठने सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी विकसित करने के निर्देश दिए।

## भोपाल होकर संचालित हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल के चार फेरे बढ़ाये गए

भोपाल (ए.)। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए भोपाल होकर हैदराबाद-गोरखपुर के मध्य संचालित स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 07075 हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल की संचालन अवधि को दिनांक 27.03.2026 से बढ़ाकर 24.04.2026 तक किया गया है इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 07076 गोरखपुर-हैदराबाद स्पेशल की संचालन अवधि को दिनांक 29.03.2026 से बढ़ाकर 26.04.2026 कर दिया गया है अर्थात यह स्पेशल ट्रेन अब दोनों दिशाओं में अतिरिक्त 04-04 ट्रिप चलेगी। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि उक्त ट्रेनों की समय-सारणी एवं अन्य जानकारी के लिए रेलवे की अधिकृत सूचना प्रणाली से जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

## बैसाखी पर्व के अवसर पर दिल्ली-अशोकनगर के बीच विशेष ट्रेन का संचालन

भोपाल (निप्र)। यात्रियों की सुविधा एवं आगामी बैसाखी पर्व के दौरान तीर्थ यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए, रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से अशोकनगर रेलवे स्टेशन के मध्य चलाई जाएगी।

**ट्रेन संचालन विवरण इस प्रकार है**

गाड़ी संख्या 04004 दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से अशोकनगर रेलवे स्टेशन के लिए दिनांक 11.04.2026 (शनिवार) को दोपहर 12.15 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 04003 अशोकनगर रेलवे स्टेशन से दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के लिए दिनांक 15.04.2026 (बुधवार) को शाम 17.00 प्रस्थान करेगी।

**कोच संरचना**

इस विशेष ट्रेन में कुल 24 आईसीएफ कोच (बायो-टॉयलेट सहित) लगाए जाएंगे, जिनमें 01 थर्ड, 02 स्लीपर, 19 जनरल कोच एवं 02 एसएलआर कोच शामिल हैं।

**मुख्य ठहराव ( दोनों दिशाओं में )**

यह विशेष ट्रेन मार्ग में फरीदाबाद रेलवे स्टेशन, पलवल रेलवे स्टेशन, कोसीकलां रेलवे स्टेशन, मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, धौलपुर रेलवे स्टेशन, ग्वालियर जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन एवं बीना जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

**समय सारणी ( संक्षेप में )**

दिल्ली सराय रोहिल्ला से प्रस्थान: 12:15 बजे (11.04.2026), अशोकनगर आगमन: 04:00 बजे (12.04.2026), अशोकनगर से प्रस्थान: 17:00 बजे (15.04.2026) दिल्ली सराय रोहिल्ला आगमन: 08:45 बजे (16.04.2026) रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे इस विशेष ट्रेन सेवा का अधिकतम लाभ उठाएं तथा अपनी यात्रा को सुविधाजनक एवं सुरक्षित बनाएं।

### प्रशासन कटघरे में : शाजापुर कलेक्टर बाफना के फैसले पर हाईकोर्ट सख्त, कहा- बिना जांच किए कैसे दी बड़ी सजा?



शाजापुर (ए.)। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने शाजापुर कलेक्टर ऋजु बाफना द्वारा जारी उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें बिना विभागीय जांच के एक कर्मचारी की वेतनवृद्धि रोक दी गई थी। न्यायमूर्ति जय कुमार पिल्लई ने 25 मार्च 2026 को सुनवाई करते हुए कलेक्टर से 15 दिन के भीतर व्यक्तिगत हलफनामा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

शाजापुर निवासी जयंत बघेरवाल, जो राजस्व विभाग में सहायक ग्रेड-3 के पद पर 30 वर्षों से अधिक समय से सेवाएं दे रहे हैं, ने अधिवक्ता यश नागर के माध्यम से याचिका दायर की। याचिका में कलेक्टर के 27 और 28 फरवरी 2025 के आदेशों के साथ ही संभागायुक्त के 11 दिसंबर 2025 के अपीलीय आदेश को चुनौती दी गई। हाईकोर्ट ने इन तीनों आदेशों पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने टिप्पणी की कि कलेक्टर ने बिना विवेक के अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करते हुए दंड दिया।

# 15 बीघा गेहूं की फसल आग में स्वाहा, किसानों को लाखों का नुकसान; कटाई से पहले जल गई मेहनत

विदिशा (ए.)। गंजबासौदा क्षेत्र के समीप स्थित ग्राम हथोड़ा में गुरुवार को एक बड़ा हादसा सामने आया, जहां अज्ञात कारणों के चलते गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते करीब 15 बीघा जमीन में खड़ी फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से क्षेत्र के कई किसानों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

जानकारी के अनुसार, आग दोपहर के समय अचानक खेतों में भड़क उठी। शुरुआत में ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवा के कारण लपटें तेजी से फैलती चली गईं। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया।

इस आगजनी में कृषक प्राण सिंह, कल्याण सिंह, जालम सिंह, नारायण कुशवाहा और कैलाश सिंह की गेहूं की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। किसानों ने बताया कि फसल कटाई के लिए लगभग तैयार थी और कुछ ही दिनों में उन्हें इससे आमदनी होने वाली थी, लेकिन अचानक लगी आग ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया।





घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने भी पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाने में सहयोग किया। समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो सैकड़ों बीघा में खड़ी फसल जलकर खाक हो सकती थी, जिससे नुकसान और भी अधिक बढ़ जाता।

मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित किसानों से बातचीत की। अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि नुकसान का सर्वे कराया जाएगा और शासन की ओर से निर्धारित नियमों के अनुसार उन्हें सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

ग्रामीणों के अनुसार, खेतों में आग लगने के पीछे कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। कुछ लोगों का मानना है कि तेज धूप और सूखी फसल के कारण हल्की चिंगारी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, वहीं कुछ ने शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों की आशंका जताई है। फिलहाल प्रशासन द्वारा आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर किसानों की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि फसल कटाई के समय इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। किसानों का कहना है कि इस समय खेतों में थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है, इसलिए प्रशासन को सतर्कता बढ़ाने के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी चलाना चाहिए।

फिलहाल आग बुझ चुकी है, लेकिन किसानों के चेहरों पर नुकसान की पीड़ा साफ देखी जा सकती है। वे अब शासन से मुआवजे की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ताकि किसी हद तक उनकी आर्थिक क्षति की भरपाई हो सके।

## अखाड़ों पर संकट के बादल? पुजारी महासंघ ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, अखाड़ा परिषद को खत्म करने की मांग उठाई

उज्जैन (ए.)। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर देश में अखाड़ों और अखाड़ा परिषद को समाप्त करने की मांग की है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने पत्र में कहा कि सनातन धर्म में मूल रूप से ऋषि-मुनि परंपरा रही है, न कि अखाड़ों की। उनका कहना है कि अखाड़ों की स्थापना जिस उद्देश्य से की गई थी, वह अब पूरा हो चुका है।




पत्र में उल्लेख किया गया है कि आदि शंकराचार्य द्वारा लगभग ढाई से तीन हजार वर्ष पूर्व सनातन धर्म की रक्षा के लिए अखाड़ों की स्थापना की गई थी। लेकिन वर्तमान में कई अखाड़ों में साधु-संत पद, प्रतिष्ठा और ऐश्वर्य को लेकर आपसी विवादों में उलझे हुए हैं। हाल ही में उज्जैन में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर हुए विवाद का जिक्र करते हुए महासंघ ने कहा कि ऐसी घटनाएं सनातन धर्म की छवि को नुकसान पहुंचा रही हैं।

महासंघ ने आरोप लगाया कि आज कई अखाड़े व्यावसायिक केंद्र बनते जा रहे हैं। साधु-संतों के निवास के लिए दिए गए स्थान अब गार्डन और यात्री गृह में बदल चुके हैं, जिनसे करोड़ों रुपये की आय हो रही है। इसके बावजूद सिंहस्थ जैसे आयोजनों के नाम पर सरकार से भारी धनराशि की मांग की जाती है, जबकि साधु-संतों को त्याग, तप और भजन में लीन रहना चाहिए।

पत्र में यह भी कहा गया है कि संतों के लिए दीक्षा के बाद जमीन खरीदना-बेचना अनुचित माना जाता है, फिर भी कई स्थानों पर सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण के आरोप सामने आए हैं। महासंघ ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दावा किया कि जांच होने पर बड़ी मात्रा में जमीन साधु-संतों के नाम पर पाई जा सकती है।

अंत में महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि त्रेता युग में भगवान श्रीराम को सप्त ऋषियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ था, जिसके आधार पर रामराज्य की स्थापना हुई। इसी परंपरा को पुनर्स्थापित करने के लिए देश में अखाड़ा परिषद को समाप्त कर ऋषि परंपरा को बढ़ावा देने हेतु कानून बनाया जाना चाहिए।

## बाढ़ राहत घोटाले में बड़ी कार्रवाई: श्योपुर तहसीलदार अमिता सिंह तोमर गिरफ्तार, सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

श्योपुर (ए.)। 2021 के बाढ़ राहत घोटाले में तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को ग्वालियर से गिरफ्तार किया गया है। जांच में फर्जी नामों पर मुआवजा बांटकर करीब ढाई करोड़ की गड़बड़ी सामने आई।

वर्ष 2021 के चर्चित बाढ़ राहत घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने श्योपुर की तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को बड़ौदा थाना पुलिस ने उन्हें ग्वालियर स्थित उनके निवास से हिरासत में लिया। इसके बाद उन्हें श्योपुर लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में महिला जेल शिवपुरी भेजने के आदेश दिए।

जानकारी के अनुसार, अमिता सिंह तोमर उस समय बड़ौदा तहसील में पदस्थ थीं, जब बाढ़ प्रभावितों को राहत राशि वितरण में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। जांच में खुलासा हुआ कि मुआवजा वितरण के दौरान



काल्पनिक और अपात्र नामों को भुगतान किया गया, जबकि वास्तविक पीड़ितों को राहत से वंचित रखा गया। इस पूरे प्रकरण में सरकारी खजाने को करीब ढाई करोड़ रुपये की क्षति पहुंचने का अनुमान है।

मामले की जांच के बाद पुलिस ने उनके खिलाफ बड़ौदा थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया था। लंबे समय से चल रही जांच में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि घोटाले को अंजाम देने के लिए एक संगठित नेटवर्क सक्रिय था, जिसमें कई लोगों की संलिप्तता की आशंका है।

अमिता सिंह तोमर वर्तमान में श्योपुर जिले के विजयपुर में तहसीलदार पद पर पदस्थ थीं। गिरफ्तारी से एक दिन पहले ही उन्हें पद से हटा दिया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में जमानत याचिकाएं दायर की थीं, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली।

श्योपुर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच जारी है और पूछताछ के दौरान अन्य आरोपियों की भूमिका भी सामने आ सकती है। आने वाले समय में और गिरफ्तारियां संभव हैं।

## व्यापार समाचार

# 'देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित', जानिए सरकार ने क्या बताया?

नई दिल्ली (ए.)। देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कमी की अटकलों के बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अहम बयान जारी किया है। पश्चिम एशिया में जारी संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के बावजूद, सरकार ने कहा है कि भारत की ईंधन आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है। आइए समझते हैं कि ईंधन संकट की अफवाहों और जमीनी हकीकत में क्या अंतर है।

**सवाल: क्या देश में पेट्रोल, डीजल या रसोई गैस का कोई संकट है?**

जवाब: बिल्कुल नहीं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत में ईंधन आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित और नियंत्रण में है। देश भर में एक लाख से




अधिक पेट्रोल पंप बिना किसी रुकावट के पेट्रोल और डीजल दे रहे हैं। अन्य देशों की तरह भारत में ईंधन की राशनिंग या किसी भी प्रकार के 'राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल' की स्थिति नहीं है।

**सवाल: पश्चिम एशिया के संकट का भारत के कच्चे तेल के भंडार पर क्या असर पड़ा है?**

जवाब: संकट के बावजूद भारत की स्थिति मजबूत है। भारत 41 से अधिक वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं से कच्चा तेल खरीद रहा है, जिसने होर्मुज जलडमरूमध्य के व्यवधान की भरपाई कर दी है। वर्तमान में भारत के पास लगभग 60 दिनों का स्टॉक कवर मौजूद है, जबकि कुल रिजर्व क्षमता 74 दिनों की है। इसके अलावा, भारतीय तेल कंपनियों ने अगले 60 दिनों (2 महीने) के कच्चे तेल की आपूर्ति भी पहले ही सुरक्षित कर ली है। देश की सभी रिफाइनरियां अपनी 100त्न से अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं।

सवाल: कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ क्यों दिख रही है और पंप मालिकों के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

जवाब: कुछ चुनिंदा पंपों पर घबराहट में की गई खरीदारी सोशल मीडिया पर फैलाए गए भ्रामक वीडियो का नतीजा थी। मांग बढ़ने के बावजूद तेल कंपनियों के डिपो ने रात भर काम करके आपूर्ति सुनिश्चित की है। साथ ही, वर्किंग कैपिटल की समस्या से बचने के लिए तेल कंपनियों ने पेट्रोल पंपों के लिए क्रेडिट लिमिट को 1 दिन से बढ़ाकर 3 दिन से अधिक कर दिया है, ताकि किसी भी पंप पर ईंधन खत्म न हो।



## शेयर बाजार राम नवमी के मौके पर बंद

मुंबई (ए.)। शेयर बाजार 26 मार्च को राम नवमी के मौके पर बंद रहेंगे। राम नवमी के मौके पर देश के दोनों प्रमुख एक्सचेंज एनएसई और बीएसई में कारोबार नहीं होगा। भारत की सबसे बड़ी कमोडिटी एक्सचेंज मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया भी श्री राम नवमी के कारण सुबह के पहले सत्र में बंद रहेगी। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कोई ट्रेडिंग नहीं होगी। हालांकि, निवेशकों के लिए अच्छी बात यह है कि शाम के सत्र में एमसीएक्स पर ट्रेडिंग फिर से शुरू होगी, जो 5 बजे से रात 11ः30 बजे तक चलेगी।




## सोने के भाव में तेजी, चांदी भी हुई महंगी

**- सोने की कीमत 1,44,100, चांदी 2,34,700 रुपए पर**

नई दिल्ली (ए.)। कमोडिटी बाजार में कीमती धातुओं ने जोरदार तेजी दिखाई है, जिससे निवेशकों का रुझान एक बार फिर सोना और चांदी की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दोनों धातुओं के दाम में मजबूत बढ़त दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 1,44,100 रुपये तक पहुंच गई है, जिसमें 5,188 रुपये की तेजी देखी गई। इसी तरह चांदी ने भी शानदार प्रदर्शन किया है और इसकी कीमत 2,34,700 रुपये पर पहुंच गई है, जो 10,759 रुपये की बढ़त को दर्शाती है। बाजार जानकारों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता, डॉलर में उतार-चढ़ाव और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग के चलते सोना और चांदी दोनों में खरीदारी बढ़ी है। यही वजह है कि दोनों धातुओं में इतनी तेज तेजी देखने को मिल रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर यही रुख जारी रहता है तो आने वाले दिनों में सोना और चांदी के दाम में और भी उछाल आ सकता है। ऐसे में निवेशकों के लिए यह समय रणनीति के साथ निवेश करने का हो सकता है। फिलहाल, बाजार में जारी इस तेजी ने कीमती धातुओं को फिर से सुर्खियों में ला दिया है और आने वाले सत्रों में इनकी चाल पर सबकी नजर बनी रहेगी।

## खुदरा महंगाई काबू में रखने के प्रयास; सरकार ने तय किया पांच साल का लक्ष्य, आम आदमी को कितनी राहत?

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने अगले पांच वर्षों के लिए खुदरा महंगाई (रिटेल इन्फ्लेशन) का लक्ष्य चार प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय लिया है। यह लक्ष्य 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक लागू रहेगा। वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने 25 मार्च 2026 को जारी अधिसूचना में इसकी जानकारी दी।



अधिसूचना के अनुसार, महंगाई के लिए 4 प्रतिशत का लक्ष्य तय किया गया है, जबकि इसकी ऊपरी सहनशील सीमा 6 प्रतिशत और निचली सीमा 2 प्रतिशत रखी गई है। यह निर्णय भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45 के तहत, रिजर्व बैंक के परामर्श से लिया गया है।

**एमपीसी के फैसले पर पड़ेगा असर**

सरकार के इस फैसले के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) का मौजूदा जनादेश भी बरकरार रहेगा। मौद्रिक नीति समिति (MPC) अब भी इसी लक्ष्य के अनुरूप नीतिगत ब्याज दरों का निर्धारण करेगी, ताकि महंगाई को निर्धारित दायरे में रखा जा सके।

गौरतलब है कि भारत ने 2016 में औपचारिक रूप से महंगाई लक्ष्य निर्धारण (इन्फ्लेशन टार्गेटिंग) का ढांचा अपनाया था। उसी समय एमपीसी का गठन हुआ था, जिसे मूल्य स्थिरता बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। शुरुआती अवधि मार्च 2021 तक थी, जिसके बाद सरकार ने इस लक्ष्य को लगातार जारी रखा है। यह दूसरा अवसर है जब सरकार ने बिना बदलाव के चार प्रतिशत लक्ष्य को आगे बढ़ाया है।

**मौजूदा महंगाई की स्थिति**

फरवरी 2026 में CPI आधारित महंगाई 3.21%

ग्रामीण महंगाई: 3.37%

शहरी महंगाई: 3.02%

खाद्य महंगाई (CFPI) 3.47%

यानी महंगाई फिलहाल लक्ष्य (4%) से नीचे है। इस दौरान टमाटर, मटर और फूलगोभी जैसी सब्जियों की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, जिससे खाद्य महंगाई पर दबाव कम हुआ।

**किन राज्यों में महंगाई ज्यादा?**

फरवरी 2026 में सबसे ज्यादा महंगाई वाले राज्य-

तेलंगाना

राजस्थान

केरल

आंध्र प्रदेश

पश्चिम बंगाल

कैसे जुटाया जाते हैं आंकड़े?

सरकार के अनुसार, महंगाई के आंकड़े देशभर के 1407 शहरी बाजारों और 1465 गांवों से एकत्र किए जाते हैं। फरवरी 2026 में लगभग सभी बाजारों से सफलतापूर्वक डेटा संग्रह किया गया, जिससे आंकड़ों की विश्वसनीयता बनी रही।

## भारत सरकार ने वीरता पदक विजेताओं को रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा दी, जानिए क्या अपडेट



नई दिल्ली (ए.)। भारत सरकार ने सेना, नौसेना और वायुसेना में वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस आदेश के तहत, इन वीरता पुरस्कार विजेताओं को भारतीय रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा प्रथम श्रेणी, सेकेंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ उपलब्ध होगी।

रक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह रियायत देश के बहादुर जवानों के सम्मान में दी गई है। यह योजना उन सभी सैनिकों पर लागू होगी जिन्हें सेना, नौसेना या वायुसेना पदक से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार विजेताओं के जीवनसाथी भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इसमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, जब तक वे पुनर्विवाह नहीं करते। इसके अतिरिक्त, अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता को भी यह सुविधा प्रदान की जाएगी।

यह कदम देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले और वीरता दिखाने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। इससे इन परिवारों को यात्रा में आर्थिक सहायता मिलेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। भारतीय रेलवे इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेगा। यह सुविधा पूरे भारतीय रेलवे नेटवर्क पर मान्य होगी।

**पात्रता के लिए क्या मानदंड?**

इस योजना के तहत सेना, नौसेना और वायुसेना पदक से सम्मानित सभी व्यक्ति पात्र होंगे। पुरस्कार विजेता के जीवनसाथी, जिनमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, पुनर्विवाह तक पात्र रहेंगे।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## लोकतांत्रिक भविष्य से खिलवाड़

मुश्किलें इसलिए पैदा हुई हैं, क्योंकि सत्ता पक्ष ने पद, प्रक्रिया और परिणाम की गरिमा की चिंता छोड़ दी है। व्यापक रूप से संवैधानिक व्यवस्था की साख के साथ क्या हो रहा है, इसकी फिक्र करने की जरूरत वह नहीं समझता। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान विपक्ष ने संसदीय कार्यवाही के संचालन में अपने प्रति भेदभाव के साथ-साथ सत्ता पक्ष से स्पीकर की मिलीभगत का आरोप खुल कर लगाया। जैसा अनुमान था, अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से नामंजूर कर दिया गया। मगर जिस रोज ये हुआ, उसी दिन विपक्ष के 180 सांसदों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पेश होने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर दस्तखत कर दिए। अब इस प्रस्ताव को दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। विचार के लिए प्रस्ताव के स्वीकार होने की प्रक्रिया लंबी है, इसलिए इस पर बहस के लिए (अगर वो हुई तो) अभी इंतजार करना पड़ेगा। वैसे, चर्चा हुई भी, तो यह अनुमान पहले से लगाया जा सकता है कि इसका हश्र स्पीकर के खिलाफ पेश प्रस्ताव से अलग नहीं होगा। कारण संसदीय गणित है। आज के माहौल में इसकी उम्मीद तो नहीं की जा सकती कि सत्ता पक्ष चुनाव प्रक्रिया की स्वच्छता एवं निष्पक्षता की व्यापक अपेक्षाओं को अपने दलगत हित पर तरजीह देकर समझने का प्रयास करेगा कि विपक्ष आखिर संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति से इतना ख़फा क्यों है? और यही समस्या की जड़ है। मुश्किलें इसलिए पैदा हुई हैं क्योंकि सत्ता पक्ष ने पद, प्रक्रिया और परिणाम की गरिमा की चिंता छोड़ दी है। उसे मतदाताओं की गोलबंदी की अपनी क्षमता पर इतना भरोसा है कि व्यापक रूप से संवैधानिक व्यवस्था की साख के साथ क्या हो रहा है, इसकी फिक्र करने की जरूरत वह नहीं समझता।

नतीजा, अब तक राजनीतिक विवाद से परे माने जाने जानी संवैधानिक संस्थाएं और उनमें पदासीन प्राधिकारी अब रोजमर्रा की सियासत का मुद्दा बन गए हैं। उनको लेकर जनमत बंटता चला गया है। लोकतंत्र के दीर्घकालिक भविष्य के लिए इससे ज्यादा चिंताजनक बात कोई और नहीं हो सकती। अगर राजनीतिक समूह और जनमत के एक बड़े दायरे का मुख्य निर्वाचन आयुक्त एंव स्पीकर पर यकीन नहीं है, तो उससे चुनाव एवं संसदीय प्रक्रियाएं लांछित हो जाती हैं। जो लोग इसके खतरे को आज गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, वे इस देश के लोकतांत्रिक भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

# राम नवमी 2026 विशेष

## मर्यादा, आस्था और आदर्श जीवन का संदेश

**सौरभ वार्ष्णेय**

भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी। हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी॥ यह चौपाई सुनते ही मन भी राममय हो जाता है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा में त्योहार केवल उत्सव नहीं होते, बल्कि वे जीवन जीने की दिशा भी देते हैं। ऐसा ही एक पावन पर्व है राम नवमी, जो भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2026 में भी यह पर्व लोगों के जीवन में आस्था, संयम और आदर्शों की नई ऊर्जा लेकर आएगा। राम नवमी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। यह वही दिन है जब अयोध्या में राजा दशरथ के घर भगवान राम का जन्म हुआ था। राम केवल एक देवता ही नहीं, बल्कि आदर्श पुत्र, आदर्श राजा और आदर्श मानव के रूप में भी पूजे जाते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का मार्ग नहीं छोडना चाहिए।आज के बदलते सामाजिक परिदृश्य में राम के आदर्श और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। जब समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास दिखाई देता है, तब राम का जीवन हमें मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की याद दिलाता है।

राम ने अपने पिता के वचन को निभाने के लिए 14 वर्षों का वनवास स्वीकार किया, जो आज के समय में कर्तव्य और परिवार के प्रति समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है।राम नवमी के अवसर पर देशभर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होती है। भक्तजन व्रत रखते हैं, रामचरितमानस का पाठ करते हैं और भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान राम का गुणगान करते हैं। अयोध्या सहित अनेक स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली जाती हैं, जो इस पर्व की भव्यता को और बढ़ा देती हैं। यह पर्व हमें केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रखता, बल्कि एक बेहतर समाज के निर्माण की प्रेरणा भी देता है। रामराज्य की कल्पना—जहां न्याय, समानता और सुख-शांति हो—आज भी हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार बनी हुई है। राम नवमी हमें यह संदेश देती है कि सच्चाई, धैर्य और मर्यादा के मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। यदि हम भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सुधरेगा, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा।



रामनवमी: जीवन जीने की दिशा भी

भारत की सांस्कृतिक परंपरा में राम नवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणा भी है। यह दिन भगवान राम के जन्म का प्रतीक है, जिन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है—अर्थात् मर्यादा, नैतिकता और आदर्श जीवन के सर्वोच्च उदाहरण।

आदर्शों से भरा जीवन

रामनवमी हमें सिखाती है कि जीवन केवल सफलता या सत्ता पाने का नाम नहीं है, बल्कि अपने कर्तव्यों और मूल्यों को निभाने का नाम है। भगवान राम ने हर परिस्थिति में सत्य, धर्म और कर्तव्य को सर्वोपरि रखा—चाहे वह वनवास हो, परिवार के प्रति जिम्मेदारी हो या प्रजा के प्रति कर्तव्य।

### संतुलन और संयम का संदेश

आज की तेज़ रफ्तार जिंदगी में जहां स्वार्थ और प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, राम का जीवन संयम और संतुलन का संदेश देता है। उन्होंने क्रोध, अहंकार और लोभ पर नियंत्रण रखते हुए जीवन जिया—जो आज भी हर व्यक्ति के लिए मार्गदर्शक है।

### रिश्तों की मर्यादा

रामनवमी हमें यह भी सिखाती है कि रिश्तों की गरिमा बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है। राम ने पुत्र, भाई, पति और राजा—हर भूमिका में आदर्श स्थापित किया। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि संबंध केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी होते हैं।

### संघर्ष में भी धैर्य

जीवन में कठिनाइयाँ आना स्वाभाविक है, लेकिन राम का जीवन बताता है कि धैर्य और सकारात्मक सोच से हर संकट को पार किया जा सकता है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए।

### आज के संदर्भ में रामनवमी

आज के समय में रामनवमी केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, सहनशीलता और न्याय—ये सभी गुण हमें बेहतर इंसान और बेहतर समाज बनाने में मदद करते हैं।

रामनवमी हमें याद दिलाती है कि सच्चा उत्सव केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक परिवर्तन में है। जब हम भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हैं, तभी यह पर्व वास्तव में सार्थक होता है।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार है, समाचार पत्र व पत्रिकाओं में समसमायिक विषयों पर चिंतक, राजनीतिक विचारक है।

## नीतीश को हटाने का प्रयोग सफलतापूर्वक

**हरिशंकर व्यास**

अब सवाल है कि नीतीश कुमार से मोदी और शाह का बदला पूरा हो गया लेकिन आगे क्या? आगे भाजपा किसको मुख्यमंत्री बनाएगी यह लाख टके का सवाल है। भाजपा ने पिछले 10 सालों में जिस तरह के लोगों को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया उसे देख कर तो लगता है कि मोदी और शाह का एकमात्र लक्ष्य लोगों को हैरान करना या चौंकाना होता है। वे चुन कर ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाते हैं, जिसके बारे में किसी ने नहीं सोचा हो। जितने नाम पहले से चल रहे होते हैं उनको छोड़ कर किसी अन्य को सीएम बनाया जाता है। भजनलाल शर्मा से लेकर मोहन यादव, मोहन चरण मांझी और रेखा गुप्ता तक इसकी अनगिनत मिसाले हैं। लेकिन क्या बिहार में भाजपा इसी तरह का प्रयोग कर सकती है?

यह थोड़ा मुश्किल लग रहा है क्योंकि बाकी राज्यों की तरह भाजपा को बिहार में अकेले बहुमत नहीं मिला है। दूसरे, बिना नीतीश की पार्टी के बाकी सहयोगियों के साथ भी भाजपा का पूर्ण बहुमत नहीं बनता है। दूसरी ओर मजबूत प्रादेशिक पार्टी के तौर पर राजद है, जो मौके का फायदा उठाने को तैयार है। इसलिए भाजपा को जातीय समीकरण का ध्यान रखना है तो साथ साथ नीतीश की पार्टी की पसंद का ख्याल भी रखना है। इसके अलावा कमान ऐसे नेता को देनी होगी, जो राजद से लड़ सके और गैर यादव पिछड़ी जाति के समीकरण का प्रतिनिधित्व करता हो। भाजपा यादव चेहरे का प्रयोग पहले कर चुकी है। 2015 में भाजपा ने यह प्रयोग किया था। नित्यानंद राय प्रदेश



अध्यक्ष, भूपेंद्र यादव प्रभारी और रामकृपाल यादव केंद्र में मंत्री थे। भाजपा ने जम कर टिकट भी दी लेकिन 2015 का वह प्रयोग विफल रहा था।इस बार भाजपा और जदयू दोनों ने खुल कर गैर यादव राजनीति की। यादव नेताओं की टिकट काटी गई और उसकी जगह दूसरी मझोली जातियों खास कर कोईरी, कुर्मी और धानुक को आगे बढ़ाया गया। उनके ज्यादा विधायक जीत कर विधानसभा पहुंचे हैं। दूसरी बात यह है कि बिहार भाजपा के सबसे बड़े यादव नेता नंदकिशोर यादव को नगालैंड का राज्यपाल बनाया गया है। सो, यादव सीएम का प्रयोग शायद नहीं होगा। इसकी बजाय भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित मौजूदा फॉर्मेशन को बनाए रखना है। यानी कोईरी, कुर्मी और धानुक के प्रयोग को जारी रखना डाजपा के लिए सुरक्षित भी होगा और उसके सामाजिक समीकरण के अनुकूल भी होगा। नीतीश कुमार और उनकी पार्टी का समर्थन भी इस पर मिलेगा।


इस लिहाज से उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पहली पसंद हो सकते हैं। अभी जनता दल यू के मुख्यमंत्री के साथ भाजपा के दो उप मुख्यमंत्री हैं। वैसे ही भाजपा के मुख्यमंत्री के साथ जदयू के दो उप मुख्यमंत्री हो सकते हैं। ऐसा लग रहा है कि अंत में नीतीश कुमार के बेटे निशांत को उप मुख्यमंत्री पद के लिए चुना जाएगा। सो, कोईरी मुख्यमंत्री और कुर्मी उप मुख्यमंत्री भाजपा की गैर यादव पिछड़ी जाति के राजनीति में फिट होंगे और उत्तर प्रदेश के चुनाव के लिहाज से भी यह समीकरण काम करेगा। दूसरा उप मुख्यमंत्री सवर्ण होगा या दलित यह जनता दल यू को अपनी पार्टी की राजनीति के लिहाज से तय करना है।भाजपा में वैश्य या अति पिछड़ा मुख्यमंत्री के प्रयोग की बात भी की जा रही है। इस लिहाज से संजीव चौरसिया से लेकर दिलीप व संजय जायसवाल और सुनील कुमार पिंटू से लेकर धर्मशिला गुप्ता तक के नाम की चर्चा है। दलित चेहरे के तौर पर जनक राम का नाम भी लिया जा रहा है। लेकिन भाजपा ने नीतीश कुमार को हटाने का प्रयोग सफलतापूर्वक पूरा किया है तो दूसरे प्रयोग के लिए उसे इंतजार करना होगा। एक प्रयोग के बीच में दूसरा प्रयोग नुकसानदेह हो सकता है। लव कुश समीकरण यानी कोईरी, कुर्मी, धानुक के समीकरण को तोड़ने का जोखिम भाजपा अभी शायद ही ले। अगर भाजपा ऐसा कोई प्रयोग करती है तो नीतीश कुमार की पार्टी में नाराजगी होगी। इसका भी भाजपा को ख्याल रखना होगा।

## आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ बना है पाकिस्तान

**– मनोज कुमार अग्रवाल**

विश्व भर में पाकिस्तान सबसे बड़ा आतंकवाद का गढ़ बन गया है। पाकिस्तान की खुद की कमर आज उस आतंकवाद ने तोड़ दी है जिसे कभी शह देकर उसने ही पाला पोसा था। इस बात की पुष्टि ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स कर रहा है, जिसमें पहली बार पाकिस्तान शीर्ष स्थान पर पहुंचा है। साल 2025 में आतंकवाद से जुड़ी मौतों के मामले में 6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (आईईपी) द्वारा जारी ग्लोबल टैररिज्म इंडैक्स 2026 के अनुसार, पिछले साल पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं में 1,139 मौतें दर्ज की गईं, जो वहां की बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को दिखाती हैं। ग्लोबल टैररिज्म इंडैक्स 2026 में 163 देशों में आतंकवाद के असर का आकलन किया गया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान का अपने पड़ोसी देशों, खासकर अफगानिस्तान के साथ तनावपूर्ण संबंध हैं। इसके अलावा प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की तरफ से बढ़ती हिंसा ने पाकिस्तान के लिए सुरक्षा जोखिमों को बढ़ा दिया है। पाकिस्तान में आतंकी हमलों में मौत की संख्या भी चौंकाने वाली है। रिपोर्ट से पता चलता है कि पाकिस्तान में आतंकवाद से होने वाली मौतें अब 2013 के बाद से अपने सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। 2025 में देश में आतंकवाद से 1,139 मौतें और 1,045 घटनाएं दर्ज की गई थी। इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस की रिपोर्ट में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। कहा गया है कि टीटीपी ने पाकिस्तान के भीतर सबसे खतरनाक आतंकी समूह के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। यह वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे खतरनाक आतंकी समूह है। आईईपी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2009 के बाद से पाकिस्तान में कुल हमलों में टीटीपी के हमलों का हिस्सा 67 प्रतिशत से ज्यादा रहा है, और पाकिस्तान में होने वाले हमलों के लिए यह दूसरे सबसे सक्रिय समूह, बीएलए के मुकाबले पांच गुना ज्यादा जिम्मेदार है। खास बात यह है कि दुनिया के 4 सबसे खतरनाक समूहों में टीटीपी ही एकमात्र ऐसा संगठन था जिसकी गतिविधियों में पिछले साल बढ़ोतरी देखी गई। 2025 में टीटीपी की मारक क्षमता में भारी बढ़ोतरी हुई। आतंकवादी घटनाओं की संख्या 24 प्रतिशत बढ़कर 595 हमलों तक पहुंच गई।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लंबे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। कुछ दिनों से चल रही घरेलू समस्याएं आज खत्म होंगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिया हुआ उधार खत्म होगा, आप राहत महसूस करेंगे।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज का दिन करियर में नया बदलाव लाएगा। आज नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि आपके परिवार में सुख शांति बनाए रखेगी। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। राइटर आज नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जाएगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत खुश होंगे। मां कालरात्रि का ध्यान करें, कष्टों से मुक्ति मिलेगी।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन बेहतर है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज आपका दिन खास रहने वाला है। आपका ध्यान काम को पूरा करने में लगा रह सकता है। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन मिला जुला रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने का प्लान कर सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको भविष्य में फायदा हो सकता है। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी साथ ही आपके मन में नए नए विचार आ सकते हैं।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेंट में लंच करने जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक ठाक रहेगी। आप कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे और अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी खास मित्र से शेयर करेंगे तो आपको राहत मिलेगी। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी में जाएंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ इंजॉय करने का मौका मिलेगा। आज आप नई स्किल सीख सकते हैं जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। दोस्तों की मदद से आपकी इच्छा पूरी होगी।

धनु राशि: मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। किसी काम को करने का नया तरीका बिजनेस में फायदा कराएगा।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नए अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। आपका उत्साह भी बढ़ेगा। भाई बहनों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि: कुंभ राशि वालों आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा, नया शेड्यूल बनाने का विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे।

मीन राशि: मीन राशि वालों आज आपको अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा। सामाजिक कामों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है।

## (विचार-मंथन) संकट का समय, सरकार सच बताए समस्या का समाधान निकाले

**– सनत जैन /**

***भारत आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां सरकार के बड़े-बड़े दावे और ज़मीनी हकीकत के बीच का अंतर अब आम जनता को भी दिखाई देने लगा है। भारत 145 करोड़ की आबादी वाला देश हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व गुरु होने की बात करते हैं। सवाल यह है, भारत सरकार की नीतियां और दावे विश्व गुरु के अनुरूप हैं? हाल मे अमेरिका इजरायल ने ईरान के ऊपर हमला किया है। उसके बाद वैश्विक हालात खासकर पश्चिम एशिया के देशों में बढ़ते तनाव ने भारत की कमजोरियों को सारी दुनिया के देशों और भारतीय जनता के बीच में उजागर कर दिया है।***

भारत की सबसे बड़ी चुनौती आयात पर निर्भरता है। कच्चा तेल, गैस, उर्वरक, यूरिया और डीएपी का बड़ा हिस्सा हमें विदेशों से आयात करना पड़ता है। जैसे-जैसे अंतर्राष्ट्रीय संकट बढ़ रहा है, उससे सभी आयातित सामान की सप्लाई प्रभावित हो रही है। विशेष रूप से कच्चा तेल, गैस और खाद की कमी देश में होती चली जा रही है। इनकी कीमतें बढ़ रही हैं। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत कम होने से पिछले कई महीनो से दाम बढ़ते चले जा रहे हैं। इसका सीधा असर आम जनता और किसानों पर पड़ रहा है। पिछले कई वर्षों से किसानों को खाद महंगी मिल रही है और उनकी मांग से कम उपलब्ध हो रही है। जिसके कारण किसान समय-समय पर प्रदर्शन करते देखे जाते हैं। इसके अलावा कृषि उत्पादन भी प्रभावित होता है। किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसी तरह अब गैस और पेट्रोल-डीजल की जो कमी देखने को मिल रही है इसका असर मजदूरों से लेकर हर वर्ग को पड़ रहा है। घरों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। इसके परिणाम स्वरूप महंगाई और आर्थिक असंतुलन बढ़ रहा है। जिससे करोड़ों नागरिक रोजाना परेशान हो रहे हैं।

सरकार का यह कहना कि सब कुछ सामान्य है। जनता के बीच विश्वास की कमी पैदा कर सकता है। आम जनता को लग रहा है कि सरकार हमसे कुछ छुपा रही है। झूठ बोल रही है। वास्तविकता कुछ और है, सरकार कुछ और बता रही है। इसका असर सरकार की विश्वसनीयता पर पड़ रहा है। जमीनी स्तर पर पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों में आम लोगों को परेशानी हो रही है। स्वाभाविक रूप से आम लोगों में डर और असमंजस की स्थिति बन गई है। उनकी मजदूरी रोजगार और खाना-पीना तक इस स्थिति में प्रभावित हो रहा है। ऐसे समय में सरकार की पारदर्शिता और वास्तविक स्थिति को देखते हुए यदि सरकार सच बोलती है तो लोगों को वैकल्पिक साधन खोजने और इस समस्या का समाधान निकालने के लिए वह मानसिक रूप से तैयार हो सकेगी। यही समस्या का सबसे बड़ा समाधान है। जनता को वास्तविक स्थिति से अवगत कराना सरकार की जिम्मेदारी है। आम जनता को संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करना सरकार की जिम्मेदारी है। विदेश नीति को लेकर भी सरकार की आलोचना हो रही है। सवाल उठता है, क्या सबके साथ व्यापारिक दोस्ती की नीति हमें मजबूत बना रही है, या कमजोर? कर रही है। विश्व गुरु होने का दावा तब तक अधूरा है जब तक भारत का प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस ना हो। भारत ने कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है, संकट के समय अंतर्राष्ट्रीय मंच पर क्या हमारी बात सुनी जा रही है या हमारा महत्व है। दुनिया के देशों के साथ वास्तविक समर्थन और प्रभाव में जो अभाव वर्तमान में देखने को मिल रहा है, वह चिंता का विषय है। इस कठिन समय में सरकार को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर विदेशनीति में अपने पूर्व के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम उठाने होंगे। वैकल्पिक आपूर्ति स्रोतों की खोज, घरेलू उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे। जनता के साथ ईमानदारी और सत्यता के साथ सरकार को संवाद करना होगा। वास्तविकता छिपाने और अपने आपको सर्वज्ञ होने की मानसिकता से बचना होगा। सरकार आश्वासन से नहीं, समस्याओं के समाधान और स्पष्ट रणनीति से ही देश को इस संकट से उबार सकती है। सरकार के लिए यह समय है वास्तविक स्थिति के सच को स्वीकार करने का, ना कि उससे बचने का। सत्ता पक्ष और विपक्ष को एक साथ आना होगा। तभी हम जो समस्याएं सामने आ रही हैं उन्हें निपटा पाएंगे। ईरान और अमेरिका के इस युद्ध में एक और सबसे बड़ा खतरा आर्थिक मंदी का है जो सारी दुनिया के देशों में होने जा रहा है। इसका असर भी भारत पर पड़ेगा। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और स्थानीय संस्थाओं के ऊपर कर्ज बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है। आम जनता से भारी टैक्स वसूल किया जा रहा है। आम जनता भी अपना जीवन-यापन आसानी से नहीं कर पा रही है। यह वास्तविक समस्याएं हैं। इनसे निपटने के लिए सत्ता पक्ष, विपक्ष और आम जनता को एकजुट होना पड़ेगा।





# सरकार महिला आरक्षण कानून में संशोधन करने में इतनी जल्दबाजी क्यों कर रही : मल्लिकार्जुन खरगे

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू को पत्र लिखकर पूछा कि सरकार महिला आरक्षण कानून में संशोधन करने में इतनी जल्दबाजी क्यों कर रही है। खरगे ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू को लिखे पत्र में यह भी कहा कि सरकार को 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। खरगे का पत्र केंद्रीय मंत्री द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे गए उस पत्र के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के कार्यान्वयन के लिए उसमें संशोधन की योजना पर बैठक का आग्रह किया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मुझे आपका पत्र अभी 26 मार्च, 2026 को मिला है। विपक्षी दलों ने पहले ही 24 मार्च 2026 को आपको पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के कार्यान्वयन पर चर्चा के लिए 29 अप्रैल, 2026 के बाद सर्वदलीय बैठक आयोजित की जाए। खरगे ने कहा कि मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं कि सरकार एक संविधान संशोधन अधिनियम को पारित करने के 30 महीने बाद इसमें और संशोधन करने की इतनी जल्दी में क्यों है। हम सभी चुनाव अभियान में बेहद व्यस्त हैं। यही कारण है कि हमने सुझाव दिया था कि चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद बैठक बुलाई जाए। उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव के बाद बैठक करने से 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले संशोधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के कार्यान्वयन पर असर नहीं होगा। खरगे ने कहा, ''दरअसल, 21 सितंबर, 2023 को राज्यसभा में चर्चा के दौरान मैंने खुद नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को तत्काल लागू करने की मांग की थी, लेकिन सरकार मेरी मांग से सहमत नहीं थी। मैं एक बार फिर आपसे 29 अप्रैल, 2026



के बाद किसी भी समय सर्वदलीय बैठक बुलाने का अनुरोध करता हूं।'' बीते मंगलवार को विपक्षी दलों ने रीजीजू को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि सरकार चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन के विषय पर सर्वदलीय बैठक बुलाए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आम सहमति बनाने के लिए बीते सोमवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कुछ घटक दलों और विपक्ष के कुछ क्षेत्रीय दलों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रावधान के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 पारित किया गया था, हालांकि उसे परिसीमन की प्रक्रिया के बाद ही लागू किया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि जिस रूपरेखा को लेकर चर्चा जारी है, उसके अनुसार लोकसभा सीटों की संख्या वर्तमान 543 से बढ़कर 816 हो जाएंगी, जिसमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

## जिस आसिया अंद्राबी पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आरोप साबित हुआ, उसके समर्थन में उतरीं मेहबूबा मुफ्ती

श्रीनगर (ए.)। भारत ने अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को दी गई आजीवन कारावास की सजा पर पाकिस्तान की आपत्ति को सख्ती से खारिज कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत की न्यायिक प्रक्रिया पर टिप्पणी करने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर मुद्दे को लेकर चल रहे तनाव को उजागर कर दिया है। हम आपको बता दें कि दिल्ली की एक अदालत ने हाल ही में प्रतिबंधित संगठन दुख्तरान ए मिल्लत की प्रमुख आसिया अंद्राबी को गैर कानूनी गतिविधि निवारण कानून सहित कई गंभीर धाराओं में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उनके साथ उनकी सहयोगी सोफी फहमीदा और नाहिदा नसीन को भी तीस वर्ष की सजा दी गई है। जांच एजेंसी ने अदालत के सामने यह साबित किया कि अंद्राबी और उनके संगठन की गतिविधियां देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ थीं तथा उन्होंने कश्मीर में हिंसा और विद्रोह को भड़काने का काम किया। सरकारी पक्ष के अनुसार अंद्राबी पर यह भी आरोप था कि वह पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों के संपर्क में थी और युवाओं को हथियार उठाने के लिए उकसाती थी।

## नहीं बदले हैं गैस रिफिल बुकिंग के नियम, घबराने की जरूरत नहीं : पेट्रोलियम मंत्रालय

नई दिल्ली (आरएनएस)। एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग समय-सीमा (रिफिल टाइमलाइन) में बदलाव को लेकर चल रही खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट पर सरकार ने बड़ा स्पष्टीकरण जारी किया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ कहा है कि एलपीजी रिफिल बुकिंग के नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और पुरानी व्यवस्था ही लागू है। मंत्रालय ने बताया कि कुछ समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों में यह दावा किया जा रहा था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत एलपीजी रिफिल बुकिंग के लिए 45 दिन, नॉन-पीएमयूवाई सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन और डबल सिलेंडर के लिए 35 दिन की नई समय-सीमा तय की गई है। सरकार ने इन दावों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि मौजूदा नियमों के तहत एलपीजी रिफिल बुकिंग की समय-सीमा शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन ही है, और यह सभी प्रकार के कनेक्शन पर समान रूप से लागू होती है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे फैलाएं। साथ ही, घबराहट में गैस सिलेंडर की अनावश्यक बुकिंग से भी बचने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि देश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी तरह की कमी की कोई स्थिति नहीं है। सरकार ने बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और सोमवार तक 18,700 टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है।

## हरियाणा में 160 करोड़ के FD घोटाला मामले में एक्शन, कोटक महिंद्रा बैंक का रिलेशनशिप मैनेजर गिरफ्तार

चंडीगढ़,(आरएनएस)। हरियाणा में कोटक महिंद्रा बैंक में 160 करोड़ रुपये के फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) घोटाले का खुलासा होने के बाद राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में बैंक के पूर्व रिलेशनशिप मैनेजर (RM) दिलीप कुमार राघव को गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसियों के अनुसार, दिलीप कुमार राघव पर आरोप है कि उन्होंने मुख्य आरोपी के साथ मिलकर नगर निगम पंचकूला को FD से संबंधित गलत रिपोर्ट भेजी। आरोप है कि निगम ने बैंक को FD के रूप में जो राशि सौंपी, उसे बैंक कर्मचारी मिलकर फर्जी खातों में ट्रांसफर कर रहे थे। निगम को भरोसा दिलाने के लिए बैंक अधिकारी लगातार फर्जी स्टेटमेंट और कागजी रिकॉर्ड दिखाते रहे। घोटाले का खुलासा तब हुआ जब नगर निगम ने अपनी 58 करोड़ रुपये की FD की मैच्योरिटी पर मुख्य खाते में राशि ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। बैंक ने स्टेटमेंट जारी कर दिखाया कि पैसा ट्रांसफर हो चुका है, लेकिन वास्तविक बैलेंस शून्य था। जांच में पता चला कि स्टेटमेंट पूरी तरह जाली थी। इसके बाद नगर निगम ने अपनी बाकी FDs की जांच करवाई, तो discrepan-cies और भी सामने आईं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नगर निगम पंचकूला ने सेक्टर-11 स्थित कोटक महिंद्रा बैंक शाखा में 16 FD करवाई थीं, जिनकी कुल राशि लगभग 145 करोड़ रुपये और मैच्योरिटी वैल्यू लगभग 158 करोड़ रुपये थी। इनमें से 11 FD 16 फरवरी 2026 को मैच्योर हो चुकी थीं। बैंक स्टेटमेंट में केवल 2.17 करोड़ रुपये बैलेंस दिखा, जबकि निगम के रिकॉर्ड के अनुसार करीब 50 करोड़ रुपये होना चाहिए थे। बाद में बैंक ने कहा कि खाते में लगभग 12 करोड़ रुपये हैं और कोई लाइव टर्म डिपॉजिट मौजूद नहीं है। इस मामले में आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जी दस्तावेज और आपराधिक साजिश समेत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। बैंक की ओर से जारी बयान में कहा गया कि नगर निगम के निर्देश पर स्व्रष्ठ और बैंक खातों का मिलान किया गया था और अब तक जांचे गए रिकॉर्ड के अनुसार सभी लेनदेन बैंकिंग नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार किए गए हैं। गौरतलब है कि मामले की गहन जांच जारी है और आने वाले दिनों में और खुलासे और गिरफ्तारियां हो

## मिडिल ईस्ट में युद्ध के बीच आई अच्छी खबर, ईरान ने भारत-चीन समेत 5 देशों के लिए खोला होर्मुज



नई दिल्ली (आरएनएस)। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद नहीं है, बल्कि केवल दुश्मनों के लिए प्रतिबंधित किया गया है। राज्य टीवी पर दिए बयान में उन्होंने कहा, हमारे दृष्टिकोण से होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद नहीं है। यह केवल हमारे दुश्मनों और उनके सहयोगियों के लिए बंद है। उनके जहाजों को गुजरने की अनुमति देने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने दावा किया कि तेहरान की सशस्त्र सेनाएं मित्र देशों के जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान कर रही हैं। अराघची के अनुसार, अमेरिका, इजरायल और उनके सहयोगियों के जहाजों व तेल टैंकरों को रोका जा रहा है, जबकि अन्य देशों के जहाज समन्वय के बाद सुरक्षित रूप से गुजर रहे हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में उथल-पुथल मची हुई है। तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है और शिपिंग कंपनियां संकट का सामना कर रही हैं। ईरान का कहना है कि मार्ग पूरी तरह बंद नहीं, बल्कि चयनात्मक रूप से नियंत्रित किया जा रहा है। ईरान के अनुसार, चीन, भारत, इराक, रूस और पाकिस्तान जैसे देशों के जहाजों को गुजरने की अनुमति दी जा रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल व्यापार का एक अहम चोक पॉइंट है, जहां से दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति गुजरती है। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच इस मार्ग पर नियंत्रण कड़ा कर दिया गया है। अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल ईरान की नीति प्रतिरोध जारी रखने की है और वह बातचीत के मूड में नहीं है। उनके अनुसार, इस समय वार्ता की बात करना समर्पण के समान होगा।यह बयान व्हाइट हाउस की उस टिप्पणी के कुछ घंटों बाद आया, जिसमें अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी थी कि यदि वह शांति समझौते के लिए तैयार नहीं हुआ, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने कहा था कि बातचीत जारी है और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है।

## तकनीकी खराबी के बाद लौटी एयर इंडिया की लंदन जाने वाली फ्लाइट

नई दिल्ली (ए.)। गुरुवार को लंदन जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट को यात्रा के दौरान संभावित तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद दिल्ली वापस लौटना पड़ा। पायलटों द्वारा सुरक्षा उपाय के तौर पर वापस लौटने का निर्णय लेने से पहले विमान कई घंटों से हवा में था। फ्लाइट U AI 111 एयरबस A350-900 विमान द्वारा संचालित की जा रही थी। एयर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार, उड़ान के दौरान संभावित तकनीकी खराबी के संकेत मिलने के बाद एहतियात के तौर पर राष्ट्रीय राजधानी लौटने का निर्णय लिया गया। एयर इंडिया ने कहा कि विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और एयर इंडिया के उच्च सुरक्षा मानकों के अनुरूप, वर्तमान में इसका व्यापक तकनीकी मूल्यांकन किया जा रहा है, जिसे पूरा होने में अतिरिक्त समय लगेगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरते समय विमान के भीतर से असामान्य आवाज़ें सुनाई दीं। इसके बाद, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चालक दल ने वापस दिल्ली लौटने का फैसला किया। विमान ने दिल्ली से सुबह लगभग 6 बजे उड़ान भरी थी और दोपहर लगभग 12:30 बजे सुरक्षित रूप से वापस उतर गया।




*पटना में अपनी समृद्धि यात्रा के समापन कार्यक्रम के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ।*

## बंगाल में न्यायिक जांच 32 लाख मामले निपटाए, 13 लाख नाम और हटाए

### -अब तक 76 लाख वोटर्स के नाम कटे, चुनाव आयोग ने दिया नया आंकड़ा

नई दिल्ली,(ए)। पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारी ने कोलकाता में बताया कि अब तक कुल 76 लाख से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। पहले एसआईआर यानी मतदाता सूची जांच के दौरान 58 लाख नाम हटाए गए। इससे राज्य के कुल वोटर 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ रह गए। अब जो नाम अंडर एडजुडिकेशन यानी न्यायिक जांच में थे। उनमें से 32 लाख मामले निपटाए गए हैं। इनमें से 40 फीसदी यानी करीब 13 लाख नाम और हटाए जा रहे हैं। दोनों मिलाकर कुल 76 लाख के करीब नाम लिस्ट से हटाए जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अभी भी 28 लाख मामले बाकी हैं। राज्य में 705 न्यायिक अधिकारी इन मामलों को निपटाने में लगे हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को पहली सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी की थी, जिसमें 10 लाख नाम अपलोड किए गए, लेकिन आयोग ने यह नहीं बताया कि इनमें से कितने हटाए गए जिस पर कई लोगों ने नाराजगी जताई। अगली लिस्ट हर शुक्रवार को जारी होगी। 29 लाख मामले हटाए गए थे लेकिन उनमें से सिर्फ एक तिहाई ही पहली लिस्ट में आ सके। वजह न्यायिक अधिकारियों की ई-साइन यानी डिजिटल हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। बाकी नाम धीरे-धीरे जारी किए जाएंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में अपील की है कि उन्हें हर रोज सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी करने की इजाजत दी जाए, लेकिन कोर्ट ने कहा कि इस मामले की सुनवाई 27 मार्च के बाद होगी।

# एलपीजी की कमी को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा पर साधा निशाना

लखनऊ (ए.)। समाजवादी पार्टी (एसपी) के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को पश्चिम एशिया संकट के चलते एलपीजी की कमी की खबरों के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों ने नागरिकों, विशेषकर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समुदायों पर बोझ डाला है और उन्हें कठिनाइयों में धकेल दिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कतारों के सिवा कुछ नहीं दिया। उनका जो भी फैसला होता है, उससे मैं, आप और हर कोई एक कतार में खड़ा हो जाता है। लेकिन इस बार जनता ने भी ठान लिया है कि कतार में खड़े होकर ही वे उन्हें हराएंगे। और इसीलिए वे सार्वजनिक स्थानों पर स्नेह प्रदर्शन से डर रहे हैं। अखिलेश ने आगे कहा कि एक कचौरी, एक समोसा अब गैस पर भरोसा नहीं रहा और एलपीजी को लपाता गैस करार दिया। उन्होंने सत्ताधारी पार्टी की सामाजिक मुद्दों की समझ की आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग एआई का पूरा नाम ही नहीं जानते, वे पीडीए को कैसे समझेंगे? वे पीडीए के दर्द और पीड़ा को कैसे समझेंगे? वे उनके अपमान को कैसे समझेंगे? वे उनकी परेशानियों को कैसे समझेंगे? पीड़ा जितनी बढ़ेगी, पीडीए उतना ही बढ़ता रहेगा। यादव ने आगे कहा कि उनकी पार्टी पीडीए के मुद्दे पर लोगों को एकजुट करने के लिए काम कर रही है, और कहा कि इसलिए, पीडीए के लोगों को सम्मान दिलाने के लिए, हम समाजवादी लोग पीडीए के लोगों को एकजुट करके आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा की चुनावी रणनीतियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप लगाया और कहा कि शायद यह दुनिया की पहली राजनीतिक पार्टी है जो किसी की छवि को धूमिल करने के लिए पैसा खर्च करती है। भारतीय जनता पार्टी के लोग छवि खराब करने के लिए अरबों रुपये खर्च कर रहे हैं। और लोगों से अपनी प्रशंसा पाने के लिए वे प्रोत्साहन राशि बांट रहे हैं। प्रोत्साहन राशि खत्म होते ही लोग प्रशंसा करना बंद कर देंगे।




*कांग्रेस नेता रघु शर्मा, केंद्र में, जयपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए.*

## विवेक अग्निहोत्री और भूषण कुमार मिलकर बनाएंगे ऑपरेशन सिंदूर

मुंबई,(आरएनएस)। फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री और भूषण कुमार ने नए प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है। दरअसल, दोनों मिलकर टेरर अटैक-बेस्ड फिल्म ऑपरेशन सिंदूर लेकर आ रहे हैं। दोनों की यह फिल्म लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों की किताब से प्रेरित है। विवेक अग्निहोत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर इस बात की पुष्टि करते हुए लंबा-चौड़ा नोट पोस्ट करते हुए बताया कि उनकी यह फिल्म ऑपरेशन सिंदूर लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. टाइनी ढिल्लों की किताब ऑपरेशन सिंदूर: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान पर आधारित है विवेक अपने नोट पर लिखते हैं, भूषण कुमार और मैंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए हाथ मिलाया है।

## मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से मिलती है हर परिस्थिति का सामना करने की प्रेरणा, रामनवमी पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रार्थना की कि भगवान राम की कृपा से सबका कल्याण हो, जिससे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। मेरी कामना है कि भगवान राम की कृपा से सबका कल्याण हो, जिससे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त हो। रामनवमी के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या की यात्रा से जुड़ा एक वीडियो भी शेयर किया। उन्होंने संस्कृत श्लोक के साथ उनके अर्थ भी समझाए। पीएम मोदी ने कहा, आज रामनवमी का पवित्र पर्व है। राम यानी- सत्य और पराक्रम का संगम, दिव्यगुणैः शक्रसमो रामः सत्यपराक्रमः। राम यानी- धर्मपथ पर चलने वाला व्यक्तित्व, रामः सत्पुरुषो लोके सत्यः सत्यपरायणः। राम यानी- जनता के सुख को सर्वोपरि रखना, प्रजा सुखत्वे चंद्रस्य।

# भाजपा को मिला रिकॉर्ड चंदा, बाकी पार्टियों के कुल डोनेशन से 10 गुना ज्यादा

नई दिल्ली (ए.)। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय दलों को मिलने वाले चंदे में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 2024-25 में 161 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सत्तारूढ़ भाजपा को सबसे अधिक चंदा मिला है, जो अन्य सभी राष्ट्रीय दलों को मिले कुल चंदे से दस गुना से भी अधिक है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 में राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित 20,000 रुपये से अधिक के कुल चंदे 11,343 प्राप्त चंदों से 6,648.563 करोड़ रुपये रहे। इनमें से भाजपा को अकेले 5,522 चंदों से 6,074.015 करोड़ रुपये मिले, जबकि कांग्रेस को 2,501 चंदों से 517.394 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। रिपोर्ट में बताया गया है कि भाजपा द्वारा घोषित चंदा कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-मार्क्सिस्ट (सीपीआई-एम) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) के उसी अवधि के कुल चंदे से दस गुना से भी अधिक था। इस बीच, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने घोषणा की कि उसे पिछले 19 वर्षों की तरह इस बार भी 20,000 रुपये से अधिक का




कोई चंदा नहीं मिला है। राष्ट्रीय दलों को मिलने वाले कुल चंदे में 2023-24 की तुलना में 2024-25 में 4,104.285 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। अकेले भाजपा के चंदे में पिछले वित्त वर्ष के 2,243.947 करोड़ रुपये से 171 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कांग्रेस को मिलने वाले चंदे में 84 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2023-24 के 281.48 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 517.394 करोड़ रुपये हो गया। राजनीतिक चंदे में कॉरपोरेट चंदे का दबदबा रहा, जो 3,244 चंदों के माध्यम से कुल चंदे का 92.18 प्रतिशत यानी 6128.787 करोड़ रुपये था। व्यक्तिगत दानदाताओं ने 7,900 चंदों के माध्यम से 505.66 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जो कुल चंदे का 7.61 प्रतिशत था। भाजपा को 2,794 कॉरपोरेट चंदों से 5,717.167 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो अन्य सभी राष्ट्रीय दलों द्वारा प्राप्त कुल चंदे (411.62 करोड़ रुपये) से 13 गुना से भी अधिक है। इसे 2,627 अन्य संगठनों से 345.94 करोड़ रुपये का चंदा भी मिला। शीर्ष दानदाताओं में, प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को मिलाकर कुल 2413.465 करोड़ रुपये का दान दिया। इसमें से 2180.7119 करोड़ रुपये भाजपा को (पार्टी को प्राप्त कुल धनराशि का 35.90 प्रतिशत), 216.335 करोड़ रुपये कांग्रेस को (पार्टी को प्राप्त कुल धनराशि का 41.81 प्रतिशत) और 16.4178 करोड़ रुपये आम आदमी पार्टी को (पार्टी को प्राप्त कुल धनराशि का 43.08 प्रतिशत) मिले। प्रगतिशील चुनावी ट्रस्ट ने दो दान के माध्यम से 834.97 करोड़ रुपये का दान दिया, जिनमें से एक दान एबी जनरल इलेक्टोरल ट्रस्ट का था।

## टीवी से फिल्मों तक का रास्ता आसान नहीं था : उल्का गुप्ता



मुंबई (ए.)। मनोरंजन जगत में एक प्लेटफॉर्म पर सफलता हासिल करने के बाद कलाकारों के लिए दूसरे माध्यम में खुद को स्थापित करना आसान नहीं होता। यहां हर कलाकार की यात्रा अलग और चुनौतीपूर्ण होती है। अभिनेत्री उल्का गुप्ता के लिए भी टीवी से फिल्मों तक का सफर कुछ ऐसा ही रहा। उल्का गुप्ता ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत टेलीविजन से की और धीरे-धीरे फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनानी शुरू की। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने अब तक के सफर को याद करते हुए बताया कि यह रास्ता बिल्कुल आसान नहीं था। उन्होंने कहा कि टीवी में कई सालों तक काम करने और अभिनय की बारीकियां सीखने के बावजूद फिल्मों में आने के लिए उन्हें कई ऑडिशन्स देने पड़े और खुद को बार-बार साबित करना पड़ा। उन्होंने बताया कि आज वह जिस मुकाम पर हैं, वहां तक पहुंचने के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और लगातार प्रयास हैं।

उल्का ने कहा कि हर नए मौके के लिए उन्हें पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ी, क्योंकि फिल्म इंडस्ट्री में प्रतिस्पर्धा काफी अधिक है और यहां अपनी पहचान बनाना समय लेता है। गौरतलब है कि उल्का गुप्ता को सबसे पहले पहचान लोकप्रिय टीवी शो झांसी की रानी से मिली थी। इस शो में उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के बचपन यानी 'मणिकर्णिका' का किरदार निभाया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस भूमिका ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई और उनके करियर की मजबूत नींव रखी। इस अनुभव को याद करते हुए उन्होंने कहा कि इस शो ने उन्हें एक बेहतर कलाकार बनने में बहुत मदद की। फिल्मों को लेकर अपने नजरिए पर बात करते हुए उल्का गुप्ता ने कहा कि सिनेमा समाज का आईना होता है। उनके अनुसार, फिल्मों के जरिए समाज में घटित घटनाओं और वास्तविकताओं को सामने लाया जाता है।

कई बार फिल्में सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि सामाजिक मुद्दों को उजागर करने के साथ-साथ उनके समाधान की दिशा भी दिखाने की कोशिश करती हैं। उल्का का मानना है कि एक कलाकार के रूप में जिम्मेदारी सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं होती, बल्कि समाज से जुड़े विषयों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करना भी उतना ही जरूरी है। बता दें कि टीवी के बाद उल्का ने फिल्मों की ओर रुख किया और सिम्बा से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने अभिनेता रणवीर सिंह की बहन का किरदार निभाया। इसके बाद वह केरल स्टोरी 2 में 'सुरेखा' की भूमिका में नजर आईं, जहां उन्होंने एक गंभीर और प्रभावशाली किरदार को जीवंत किया।

# ईशा रिखी के साथ बादशाह ने की दूसरी बार शादी

मुंबई (ए.)। रैपर बादशाह ने ईशा रिखी के साथ दूसरी बार शादी कर ली है। बादशाह ने अपने निजी जीवन में एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। बादशाह की पहली पत्नी जैस्मिन मसीह थीं, जिनसे उनकी एक बेटी भी है।

शादी की तस्वीरें ईशा की मां ने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं, जिनमें दोनों शादी की परंपरागत रस्में निभाते नजर आ रहे हैं।

तस्वीरों में देखा जा सकता है कि बादशाह ब्राउन रंग का कुर्ता और गोल्डन साफा पहनकर शादी की रस्में अदा कर रहे हैं, जबकि ईशा पारंपरिक लाल सलवार-कुर्ता में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। कुछ फोटो में दोनों ने वरमाला भी पहनी हुई है। बाकी तस्वीरों में कपल कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पोज़ दे रहा है। ये तस्वीरें साझा करने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने दोनों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।



शादी बेहद सादगी से केवल परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में संपन्न हुई। इंडस्ट्री के अन्य लोगों को भी इस शादी की जानकारी नहीं थी। बादशाह और ईशा ने अपनी शादी की खबर को सार्वजनिक तौर पर अभी तक पुष्ट नहीं किया है, लेकिन फोटोज के सामने आने के बाद यह चर्चा का मुख्य विषय बन गई है। ईशा रिखी ने अपने करियर की शुरुआत पंजाबी फिल्म 'जट्ट बॉयज पुट जट्टान डे' से की थी, जिसमें उनके साथ सिप्पी गिल भी नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने अमरिंदर गिल की फिल्म 'हैप्पी गो लकी' में काम किया। 2014 और 2015 के बीच ईशा ने 'मेरे यार कमीने' और 'व्हाट द जाट' जैसी फिल्मों में अपनी पहचान बनाई। बादशाह ने 2012 में जैस्मिन मसीह से पहली शादी की थी।

यह शादी आठ साल तक चली और 2020 में तलाक के साथ समाप्त हुई। इस विवाह से उनकी एक बेटी है, जो अब उनकी पहली पत्नी के साथ रहती है। इस दूसरी शादी के साथ बादशाह अपने निजी जीवन में नए अध्याय की शुरुआत कर चुके हैं। फैंस इस खबर से उत्साहित हैं और सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाएं साझा कर रहे हैं।

तस्वीरों में दोनों की खुशहाल झलक ने फैंस के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। शादी की ये फोटोज न सिर्फ कपल की खुशियों को दर्शाती हैं, बल्कि उनके फैंस के लिए भी उत्सव का माहौल बना रही हैं।

## मां ने दिया आंचल, पंजाब की मिट्टी ने दी आवाज और कनाडा ने दिया हौसले को ईधन; पढ़ें जैस्मिन सैंडलस की कहानी



'धुरंधर' और 'धुरंधर: द रिवेंज' के बाद सिंगर जैस्मिन सैंडलस को फैंस का काफी प्यार मिल रहा है। मगर पंजाब की गलियों से लेकर आज स्टेज पर आग लगाने तक का सफर जैस्मिन के लिए आसान नहीं था। अपनी कड़ी मेहनत और मां के सपोर्ट के दम पर आज जैस्मिन की आवाज जगह-जगह गूंज रही है।

**13 साल की उम्र से शुरू किया गाना**

पंजाब में जन्मी जैस्मिन को बचपन से ही गाने का बड़ा शौक था। उनकी मां उन्हें लेकर सिंगिग के लिए स्कूल के प्रोग्राम में लेकर जाती। छोटी जैस्मिन को पारंपरिक पंजाबी गाने बहुत अच्छे लगते थे। 13 साल की होते ही जैस्मिन पैरेंट्स के साथ कनाडा आ गईं।

2008 में उनका पहला गाना 'मुस्कान' रिलीज हुआ। इस गाने से जैस्मिन की आवाज को पहली बार फैंस ने सुना, जिसके बाद जैस्मिन को पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में पहचान मिली। दूसरा एल्बम 'गुलाबी' 2012 में रिलीज हुआ जिसके बाद रातों-रात सिंगर की शोहरत बढ़ती गई। मगर बॉलीवुड के दरवाजे खुलने के लिए सिंगर को अभी भी इंतजार करना पड़ा।

**कब और किस गाने से हुईं मशहूर ?**

जैस्मिन सैंडलस का पहला बॉलीवुड ब्रेक उन्हें 2014 में 'यार न मिले' गाने से मिला था। सलमान खान की फिल्म 'किक' के इस गाने को फैंस ने काफी पसंद किया था। इस गाने में उनके साथ यो-यो हनी सिंह ने भी परफॉर्म किया था। फिल्म हिट हुई और ये गाना भी रातों-रात हिट हो गया।

## अदिति राव ने फैशन डिजाइनिंग की दुनिया में रखा कदम



मुंबई (ए.)। लैक्मे फैशन वीक में मशहूर फैशन ब्रांड सत्य पॉल ने अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ मिलकर एक आकर्षक कलेक्शन पेश किया। इसमें अदिति राव ने पहली बार फैशन डिजाइनिंग की दुनिया में कदम रखते हुए सह-रचनात्मक निदेशक की भूमिका निभाई। इस कलेक्शन में रंगों, कला और आधुनिक डिज़ाइन का शानदार मिश्रण देखने को मिला। कलेक्शन की खासियत इसमें इस्तेमाल किए गए जीवंत रंग, खूबसूरत चित्रकारी और विविध पैटर्न हैं, जो इसे अलग पहचान देते हैं।

डिज़ाइन की बात करें तो इसमें ड्रैगनफ्लाई यानी व्याध-पतंग, फूलों के पैटर्न और अमूर्त आकृतियों का खास तौर पर उपयोग किया गया है। ये तत्व कपड़ों पर प्रिंट, सजावट और हल्के एम्बेलिशमेंट के रूप में उभरकर सामने आते हैं, जो पूरे कलेक्शन को एक कलात्मक रूप देते हैं। इस कलेक्शन को बहुउपयोगी बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। पारंपरिक साड़ी को आधुनिक अंदाज में पेश करते हुए उसे हल्के पारदर्शी जैकेट, लंबे ढीले कोट और अन्य वेस्टर्न सिल्हूट के साथ जोड़ा गया है। इस तरह परंपरा और आधुनिकता का संतुलन बनाते हुए एक नया और स्टाइलिश लुक तैयार किया गया है, जो युवा पीढ़ी के साथ-साथ क्लासिक फैशन पसंद करने वालों को भी आकर्षित करता है। अदिति राव हैदरी ने इस अनुभव को अपने लिए बेहद खास बताया।

उन्होंने कहा कि इस कलेक्शन के जरिए उन्हें अपनी पसंद कला, रंग और कहानी को खुलकर अभिव्यक्त करने का मौका मिला। उनके अनुसार, यह कलेक्शन उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है, जिसमें सादगी, स्वाभाविकता और नारीत्व की कोमलता के साथ उसकी ताकत भी झलकती है। वहीं, सत्य पॉल के रचनात्मक निदेशकों ने भी अदिति के साथ काम करने के अनुभव को सराहा। उनका कहना है कि अदिति के नए विचार, रंगों की समझ और रचनात्मक दृष्टिकोण इस कलेक्शन में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

## किसी भी रिश्ते की असली ताकत ईमानदारी होती है : सौरभ शुक्ला



मुंबई (ए.)। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता और फिल्ममेकर सौरभ शुक्ला ने अपने विचार साझा किए और रिश्तों में सच्चाई की अहमियत पर जोर दिया। इस दौरान सौरभ शुक्ला ने कहा कि किसी भी रिश्ते की असली ताकत ईमानदारी होती है। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को अपने रिश्ते में एक खुली किताब की तरह होना चाहिए, जहां कोई बात छुपाने की जरूरत न पड़े। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति रिश्ते में सच छुपाता है, तो उस समय भले ही स्थिति संभाल ली जाए, लेकिन लंबे समय में इसका असर काफी नकारात्मक होता है। उन्होंने आगे बताया कि जब छुपाई गई सच्चाई सामने आती है, तो सबसे ज्यादा तकलीफ इस बात की होती है कि आपको उस सच से अनजान रखा गया। यही भावना धीरे-धीरे एक बड़े धोखे का रूप ले लेती है। इसके बाद रिश्ते में शक की भावना जन्म लेती है, जिससे दूसरा व्यक्ति हर बात पर सवाल उठाने लगता है। यह स्थिति रिश्ते की नींव को कमजोर कर देती है और भरोसा धीरे-धीरे खत्म होने लगता है। सौरभ शुक्ला के अनुसार, अगर रिश्तों में खुलापन और पारदर्शिता हो, तो वे और मजबूत बनते हैं। जब दोनों लोग बिना किसी डर या झिझक के एक-दूसरे के साथ अपनी हर बात साझा करते हैं, तो आपसी समझ और विश्वास दोनों बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि एक आदर्श रिश्ता वही होता है, जिसमें दोनों पार्टनर पूरी सच्चाई के साथ एक-दूसरे के सामने हों। उन्होंने अपनी फिल्म जब खुली किताब का जिक्र करते हुए इस विचार को और स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि फिल्म में एक कपल की जिंदगी शुरुआत में बिल्कुल परफेक्ट दिखाई देती है, जैसे बिना किसी दरार वाली दीवार। लेकिन जैसे ही एक सच्चाई सामने आती है, उनके रिश्ते में दरार पड़ जाती है और सब कुछ बिखरने लगता है। हालांकि, उसी दरार के जरिए सच्चाई की रोशनी भी अंदर आती है, जिससे दोनों एक-दूसरे को सही मायनों में समझ पाते हैं। सौरभ ने यह भी कहा कि जब सच सामने आ जाता है, तो फिर कुछ भी छुपाने के लिए नहीं बचता।

### 'रोजा' फेम अभिनेत्री मधु ने मनाया 57वां जन्मदिन, बेटी ने लुटाया प्यार; दीं शुभकामनाएं

आज बॉलीवुड अभिनेत्री मधु का 57वां जन्मदिन है। मणिरत्नम की फिल्म 'रोजा' उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। इस फिल्म में उनके अभिनय ने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया।

**जन्मदिन पर मधु ने शेयर की प्यारी तस्वीर**

बॉलीवुड अभिनेत्री मधु ने आज अपने जन्मदिन पर इंस्टाग्राम पर अपनी दोनों बेटियों के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में अमेया और कीशा के साथ मधु मुस्कुराती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ मधु ने लिखा, 'मेरी प्यारी अमेया तुम्हें बहुत प्यार करती हूं, मेरी राजकुमारी।'

**बेटी ने किया विश**

बेटी अमेया ने भी मधु को विश किया है। उनकी बेटी अमेया ने एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की, जिसे मधु ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रिपोस्ट किया है।

# सात दिनों में हजार करोड़ी बनी 'धुरंधर 2'; 'बाहुबली' सहित इन फिल्मों का तोड़ा रिकॉर्ड



रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' रिलीज के बाद से बॉक्स ऑफिस पर गदर काट रही है। 19 मार्च 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर तो कमाई के तमाम रिकॉर्ड ध्वस्त कर ही दिए हैं, साथ ही विदेशों में भी जमकर कमाई कर रही है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधर 2' 1000 करोड़ी हो गई है।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधर 2' का कलेक्शन**

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म धुरंधर 2 का भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रॉस कलेक्शन 745.23 करोड़ रुपये हो चुका है। वहीं, नेट कलेक्शन 623.97 करोड़ रुपये हो चुका है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधर 2' का ओपनिंग डे से अब तक का कलेक्शन इस तरह है-

| दिन | नेट कलेक्शन (करोड़ रुपये में) |
|---|---|
| पहला दिन | 102.55 (पेड प्रिव्यू सहित) करोड़ रुपये |
| दूसरा दिन | 80.72 करोड़ रुपये |
| तीसरा दिन | 113 करोड़ रुपये |
| चौथा दिन | 114.85 करोड़ रुपये |
| पांचवां दिन | 65 करोड़ रुपये |
| छठा दिन | 56.60 करोड़ रुपये |
| सातवां दिन | 48.25 करोड़ रुपये |

**वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन**

'धुरंधर द रिवेंज' ने ओवरसीज बॉक्स ऑफिस पर सातवें दिन 11.92 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। यह फिल्म ओवरसीज 261.92 करोड़ रुपये ग्रॉस कलेक्शन जुटा चुकी है। वहीं, फिल्म का टोटल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 1,007.15 करोड़ रुपये हो चुका है। 'धुरंधर 2' 1000 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है।

**'धुरंधर 2' ने की 'पुष्पा 2' की बराबरी**


आदित्य धर निर्देशित 'धुरंधर 2' ने सबसे तेज 1000 करोड़ रुपये जुटाने के मामले में अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' की बराबरी कर ली है। दोनों फिल्मों ने यह आंकड़ा 7 दिनों में पार किया। हालांकि, 7 दिनों की कुल कमाई के मामले में 'पुष्पा 2' आगे है। इसने सात दिनों में 1011.65 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं, 'धुरंधर 2' ने सबसे तेज हजार करोड़ी बनने में 'बाहुबली 2', 'आरआरआर' और 'दंगल' जैसी फिल्मों को पीछे कर दिया है। 'दंगल' ने हजार क्लब में एंट्री 154 दिनों में ली थी। यहां यह स्पष्ट कर दें कि यह फिल्म भारत में जहां 2016 में रिलीज हुई, वहीं चीन में 2017 रिलीज हुई, जहां से इसने सबसे ज्यादा कमाई की। सबसे तेज 1000 करोड़ रुपये कमाने वाली भारतीय फिल्में इस तरह हैं-

| फिल्म | कितने दिनों में हजार करोड़ी बनी ? |
|---|---|
| पुष्पा 2 | सात दिन |
| धुरंधर 2 | सात दिन |
| बाहुबली 2 | 10 दिन |
| आरआरआर | 16 दिन |
| केजीएफ 2 | 17 दिन |
| जवान | 18 दिन |
| धुरंधर | 22 दिन |
| कल्कि 2898एडी | 25 दिन |
| पठान | 33 दिन |
| दंगल | 154 दिन |

# बेहद असरदार व्यायाम के फायदों के बारे में बताया शिल्पा शेट्टी ने

मुंबई (ए.)। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक नया फिटनेस वीडियो शेयर किया, जिसमें वह 'रिवर्स हाइपर' एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। शेयर किए गए वीडियो के माध्यम से उन्होंने इस कम चर्चित लेकिन बेहद असरदार व्यायाम के फायदों और सही तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शिल्पा ने इस एक्सरसाइज को अंडररेटेड बताते हुए कहा कि यह खास तौर पर ग्लूट्स यानी नितंब की मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए बेहद उपयोगी है। उन्होंने बताया कि रिवर्स हाइपर करते समय हिप एक्सटेंशन की प्रक्रिया के जरिए ग्लूटस मैक्सिमस मांसपेशी को प्रभावी ढंग से टारगेट किया जाता है, जिससे न सिर्फ ताकत बढ़ती है बल्कि शरीर का आकार भी बेहतर होता है। अभिनेत्री के अनुसार, यह एक्सरसाइज लोअर बैक यानी कमर के निचले हिस्से के लिए भी सुरक्षित मानी जाती है।



यह पोस्टीरियर चेन जिसमें पीठ, ग्लूट्स और हैमस्ट्रिंग्स शामिल होते हैं को मजबूत बनाती है और रीढ़ की हड्डी पर अतिरिक्त दबाव डाले बिना संतुलित ताकत विकसित करती है। उन्होंने बताया कि जो लोग स्क्वाट्स और डेडलिफ्ट्स जैसी भारी एक्सरसाइज करते हैं, उनके लिए भी यह अभ्यास काफी फायदेमंद है, क्योंकि यह हिप एक्सटेंशन की ताकत बढ़ाने में मदद करता है। शिल्पा ने यह भी कहा कि रिवर्स हाइपर एक्सरसाइज शरीर के संतुलन को बेहतर बनाती है और मांसपेशियों के बीच तालमेल स्थापित करती है। नियमित अभ्यास से लोअर बैक की जकड़न कम होती है और रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे रीढ़ को बेहतर सपोर्ट मिलता है।

उन्होंने खास तौर पर इस बात पर जोर दिया कि इस एक्सरसाइज को नियंत्रित और सही तरीके से करना बेहद जरूरी है, तभी इसके पूरे लाभ मिलते हैं। एक्ट्रेस ने इसे घर या जिम दोनों जगह आसानी से करने योग्य बताया।

उन्होंने तरीका समझाते हुए कहा कि शरीर को ऊपर उठाते समय ग्लूट्स की ताकत का इस्तेमाल करें, ऊपर पहुंचकर 1 से 2 सेकंड तक रुकें और फिर धीरे-धीरे नीचे आएं। उन्होंने सलाह दी कि इस एक्सरसाइज के 3 सेट में 15 से 18 रेप्स करने चाहिए, जिससे बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। शिल्पा शेट्टी का यह वीडियो एक बार फिर दर्शाता है कि सही मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास से फिट और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना बिल्कुल संभव है। बता दें कि शिल्पा अपनी फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया के जरिए फैंस को योग और व्यायाम के प्रति जागरूक करती रहती हैं।

## जब मुश्किल में होता हूं तो मोहम्मद शमी के पास जाता हूं : मुकेश कुमार


नई दिल्ली(आरएनएस)। भारतीय तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने अपने विकास में अनुभवी मोहम्मद शमी की अहम भूमिका को स्वीकार करते हुए कहा कि यह दिग्गज खिलाड़ी लगातार उन्हें मार्गदर्शन देते रहते हैं।

उन्होंने कहा, ''मैं उनसे बहुत कुछ सीखता हूं. वह कई वर्षों से भारत के लिए खेल रहे हैं और अब भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. जब भी मैं किसी मुश्किल में होता हूं या चीजें ठीक नहीं चल रही होतीं, तो मैं उनके पास जाता हूं और सवाल पूछता हूं. वह हमेशा मेरी मदद करते हैं।

बंगाल के इस तेज गेंदबाज का 2025-26 घरेलू सत्र शानदार रहा, जिसमें उन्होंने सभी प्रारूपों में 30 से अधिक विकेट लेकर अपनी अनुशासित गेंदबाजी और क्षमता से प्रभावित किया.मुकेश ने पिछली बार 2023 के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय मैच में भारत का प्रतिनिधित्व किया था. तब से वह परिणामों के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करते हुए टीम में वापसी की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने एक सवाल पर कहा, ''मैं विश्व कप या बड़े टूर्नामेंट के बारे में बहुत आगे की नहीं सोचता. मेरा ध्यान इस बात पर है कि आज मुझे क्या करना है, अभ्यास में कैसे सुधार करना है, कौन-कौन सी नई विविधताएं जोड़ सकता हूं और अलग-अलग बल्लेबाजों के खिलाफ कैसे तैयारी करनी है.''आईपीएल में मुकेश ने पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 10 मैचों में सात विकेट लिए और अक्सर अंतिम ओवरों में गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभाली. उनका प्रदर्शन हालांकि मिश्रित रहा।

## आईपीएल से पहले नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर भड़के गावस्कर



मुम्बई (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्वर ने लीग की शुरुआत से ठीक पहले नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों को आड़े हाथों लिया है। गावस्कर ने कहा कि इस प्रकार का रवैया ठीक नहीं है। इसके खिलाफ कड़े कदम उठाने की जरुरत है। पिछले कुछ समय से लगातार देखने में आया है कि खिलाड़ी लीग से पहले कई प्राकर की बहानेबाजी कर हट जाते हैं जिससे टीम को नुकसान होता है। गावस्कर ने कहा कि टीम करोड़ों रुपये देकर जब इन खिलाड़ियों का अनुबंधित करती। इसके बाद टीम की रणनीत बनती है पर इनके नहीं खेलने से सब बेकार हो जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार गावस्कर का कहना गलत नहीं है। टीम नीलामी में करोड़ों रुपये खर्च कर विदेशी खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ती हैं, उनकी भूमिका तय करती हैं और उसी हिसाब से टीम का संयोजन बनाती हैं।वहीं जब यही खिलाड़ी टूर्नामेंट के अहम समय पर गायब हो जाते हैं, उसके लिए सभी कुछ बेकार हो जाता है।आमतौर पर चोट, वर्कलोड मैनेजमेंट, या फिर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए खिलाड़ी हटते हैं। यह अपने आप में गलत नहीं है। किसी भी खिलाड़ी का फिट रहना और लंबे समय तक खेलना प्राथमिकता होनी चाहिए पर ये सवाल यह है कि जब खिलाड़ी आईपीएल अनुबंध करते हैं तभी उन्हें सभी बातों का ध्यान रखना चाहिये।यहां मामला 'उपलब्धता' से ज्यादा 'प्राथमिकता' का है। इससे आईपीएल की साख भी प्रभावित हो रही है। ऐसा लगता हैकिं आईपीएल विदेशी खिलाड़ियों के लिए सिर्फ एक विकल्प बनकर रह गया है, जहां वे सुविधा के अनुसार खेलते हैं और असुविधा होते ही हट जाते हैं जिस स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे खिलाड़ियों को लीग से प्रतिबंधित कर दिया जान चाहिये।

## आईपीएल के इस सत्र में डिविलियर्स और उथप्पा को पीछे छोड़ सकते हैं राहुल

नई दिल्ली (ए.)। इस माह के अंत में शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल के पास एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम हासिल करने का अवसर रहेगा। राहुल इस सत्र में सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने वाले खिलाड़ियों में



शामिल दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और अपने ही हमवतन रॉबिन उथप्पा को पीछे छोड़ सकते हैं। राहुल अभी 145 मैचों में 660 बाउंड्री के साथ नौवें नंबर पर हैं। राहुल ने 452 चौके और 208 छक्के लगाये हैं। राहुल को डिविलियर्स का रिकार्ड तोड़ने के लिए पांच और उथप्पा को पीछे छोड़ने चार बाउंड्री चाहिये। विलियर्स ने 184 आईपीएल मैचों में 664 बाउंड्री लगायी हैं। इस दौरान उन्होंने 413 चौके और 251 छक्के लगाये और दिल्ली व आरसीबी की ओर से खेला।

## तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करें ऋषभ पंत : फाफ डु प्लेसी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए और उन्होंने यह भी कहा कि जोखिम लेकर खेलने की बजाय उन्हें आगामी आईपीएल में निरंतरता पर फोकस करना चाहिए।

पंत ने अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करके पिछले सत्र में चौथे नंबर से सलामी बल्लेबाज के तौर पर और फिर निचले क्रम पर भी बल्लेबाजी की . वह लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिये आखिरी मैच में तीसरे नंबर पर 61 गेंद में नाबाद 118 रन की पारी खेल सके।

डु प्लेसी ने कहा ,'' शायद पंत के लिये तीसरे नंबर पर खेलने का मौका हो.'' उन्होंने कहा ,'' लगता है कि वह तीसरे नंबर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं . मैने पिछले सत्र में उन्हें लखनऊ के लिए तीसरे नंबर पर खेलते देखा जब निकोलस पूरन चौथे नंबर पर उतरे थे।

आरसीबी के पूर्व कप्तान ने कहा ,'' लखनऊ टीम की 2026 की नीलामी को देखें तो उनके पास शीर्षक्रम पर पंत के साथ एडेन मार्करम, मिचेल मार्श और पूरन जैसे धुरंधर हैं . पंत को अपना प्रभाव और छोड़ना होगा.'' लखनऊ सुपर जाइंट्स को एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से पहला मैच खेलना है।

डु प्लेसी ने कहा ,'' पंत अपार प्रतिभा का धनी है. टेस्ट क्रिकेट में उसे बल्लेबाजी करते देखो तो लगता है कि उसके पास सारे शॉट्स हैं. उसके दिमाग में कई विकल्प चल रहे होते हैं. उसे लगता है कि वह मैदान के किसी भी हिस्से में हर गेंद पर छक्का लगा सकता है।

उन्होंने कहा ,''लेकिन टी20 बल्लेबाजी में आपको रणनीति बनानी होती है. महान टी20 बल्लेबाजों को देखो जो यह सोचते हैं कि कब चौके छक्के लगाने हैं और कहां उनकी कमजोरी है जिस पर वे काम करते हैं।

उन्होंने कहा ,'' पंत को खेलते देखो तो लगता है कि वह किसी भी समय आउट हो सकता है क्योंकि वह इतना जोखिम लेता है. उसे टेस्ट की ही तरह टी20 में भी एक रणनीति लेकर खेलना होगा. हर गेंद पर जोखिम लेने की जरूरत नहीं है. उसे निरंतरता पर काम करना होगा।

# IPL 2026 की ओपनिंग सेरेमनी नहीं होगी, BCCI ने इस वजह से लिया ये बड़ा फैसला

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 को लेकर बड़ा और संवेदनशील फैसला लिया है। इस बार टूर्नामेंट की ओपनिंग सेरेमनी आयोजित नहीं की जाएगी। यह निर्णय पिछले साल बेंगलुरु में हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की याद में लिया गया है। दरअसल, 4 जून 2025 को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। अब बोर्ड ने उसी त्रासदी के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए IPL 2026 की शुरुआत सादगी के साथ करने का फैसला किया है।

### बेंगलुरु में ही होगा पहला मुकाबला

IPL 2026 का आगाज 28 मार्च से होगा। टूर्नामेंट के पहले ही मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी वजह से भी उद्घाटन समारोह को टालना उचित समझा गया, ताकि आयोजन पूरी तरह सुरक्षित और संयमित माहौल में हो सके।




### क्लोजिंग सेरेमनी हो सकती है आयोजित

रिपोर्ट्स के मुताबिक, IPL 2026 के फाइनल (31 मई) से पहले क्लोजिंग सेरेमनी आयोजित की जा सकती है। इस पर अंतिम फैसला जल्द लिया जाएगा।

### पहले भी टल चुकी है ओपनिंग सेरेमनी

यह पहली बार नहीं है जब IPL की ओपनिंग सेरेमनी रद्द की गई हो। इससे पहले IPL 2019 में भी पुलवामा आतंकी हमला में शहीद हुए 40 CRPF जवानों की श्रद्धांजलि में समारोह नहीं किया गया था। उस समय समारोह पर खर्च होने वाली राशि शहीदों के परिवारों को दी गई थी।

पिछले सीजन IPL 2025 की ओपनिंग सेरेमनी कोलकाता में आयोजित हुई थी, जिसमें शाहरुख खान, श्रेया घोषाल, दिशा पाटनी और करण औजला जैसे कलाकारों ने प्रस्तुति दी थी। इस बार IPL 2026 का आगाज भले ही बिना भव्य समारोह के हो, लेकिन यह फैसला संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की मिसाल के रूप में देखा जा रहा है।

## वनडे विश्व कप खिताब ने हमें दुनिया में कहीं भी जीतने का आत्मविश्वास दियाः हरमनप्रीत

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि पिछले साल घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप जीतने से टीम को दुनिया में कहीं भी और खिताब जीतने के लिए बहुत जरूरी आत्मविश्वास मिला। भारतीय महिला टीम ने पिछले साल नवंबर में नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था. हरमनप्रीत को उम्मीद है कि 12 जून से पांच जुलाई तक ब्रिटेन में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में भी टीम यह कारनामा दोहराने में सफल रहेगी। द्वारका के ओमेक्स स्टेडियम में उनके सम्मान में बने स्टैंड के नामकरण समारोह के दौरान हरमनप्रीत ने कहा, ''मेरा मानना है कि किसी भी क्षेत्र में आपको कुछ खास करना होता है. आपको कोई खिताब जीतना होता है, तभी आपको पहचान मिलती है. ऐसा न होने पर मानो लगता है कि सारी मेहनत बेकार चली गई.''उन्होंने कहा, ''हमारी टीम ही नहीं हमसे पहले की सभी महिला क्रिकेटरों ने कड़ी मेहनत की. उन्हें तो अक्सर अपनी जेब से भी पैसे खर्च करने पड़े थे. इसलिए खिताब जीतना बहुत महत्वपूर्ण था. खिताब हासिल करने के बाद भारतीय प्रशंसकों, मीडिया और बाकी सभी से जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही है, वह हमारे लिए बहुत मायने रखती है.''इस साल के टी20 विश्व कप में वनडे विश्व कप का प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद के बारे में हरमनप्रीत ने कहा, ''हम टी20 विश्व कप जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।

# विदेश समाचार

## ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत से किया इनकार, बोला- सिर्फ मित्र देशों के माध्यम से संदेशों का आदान-प्रदान हुआ

तेहरान (ए.)। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में मध्यस्थों के माध्यम से ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच विभिन्न संदेशों का आदान-प्रदान हुआ है, जबकि पिछले महीने के अंत में देश पर अमेरिकी और इजरायली हमलों की शुरुआत के बाद से तेहरान ने वाशिंगटन के साथ कोई बातचीत नहीं की है। उन्होंने सरकारी टीवी चैनल आईआरआईबी को दिए एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

अराघची ने कहा, कुछ दिनों पहले से अमेरिकी पक्ष विभिन्न मध्यस्थों के माध्यम से अलग-अलग संदेश भेज रहा है। जब मित्र देशों के माध्यम से हमें संदेश भेजे जाते हैं और हम जवाब में अपनी स्थिति स्पष्ट करते हैं या आवश्यक चेतावनी जारी करते हैं तो इसे न तो बातचीत कहा जाता है और न ही संवाद। यह केवल हमारे मित्रों के माध्यम से संदेशों का आदान-प्रदान है, और हमने अपने सैद्धांतिक रुख को दोहराया है।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, उन्होंने आगे कहा कि कुछ संदेशों में ईरान ने संयुक्त राज्य अमेरिका को अपने बुनियादी ढांचे पर हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी, जिसके कारण वाशिंगटन ने 48 घंटों के भीतर ईरानी बिजली संयंत्रों पर हमला करने की अपनी चेतावनी वापस ले ली। अराघची ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, और इस बात पर जोर दिया, हमने इस युद्ध की शुरुआत नहीं की और हम इसे इस तरह से समाप्त करना चाहते हैं कि यह दोबारा न हो।

उन्होंने कहा कि ईरान युद्धविराम नहीं चाहता, क्योंकि यह बातचीत, युद्ध और फिर से शांति के उसी दुष्चक्र की पुनरावृत्ति होगी, और इस बात पर जोर दिया कि हम इस युद्ध का अंत अपनी शर्तों पर चाहते हैं। अरघची ने कहा कि ईरान की मौजूदा नीति प्रतिरोध जारी रखने और देश की रक्षा करने की है, और बातचीत करने की कोई योजना नहीं है।

## लंदन हाईकोर्ट से भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी को बड़ा झटका, भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका खारिज

लंदन (ए.)। भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को उस समय बड़ा झटका लगा, जब लंदन स्थित हाईकोर्ट की किंग्स बेंच डिवीजन ने भारत में उनके प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ कार्यवाही फिर से शुरू करने की उनकी याचिका को खारिज कर दिया। इस मामले की पैरवी क्राउन अभियोजन सेवा के वकील ने की, जिन्हें केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक समर्पित टीम ने सहायता प्रदान की, जिसमें वे जांच अधिकारी भी शामिल थे, जो सुनवाई में सहयोग करने के लिए लंदन आए थे।

मामले को दोबारा खोलने के लिए आवेदन भंडारी फैसले के आधार पर दायर किया गया था, जो कि बचाव पक्ष के बिचौलिए संजय भंडारी के मामले में ब्रिटेन के एक हाई कोर्ट द्वारा दिया गया फैसला है। उस मामले में भंडारी ने तर्क दिया था कि अगर उन्हें भारत प्रत्यर्पित किया जाता है तो उन्हें यातना का सामना करना पड़ सकता है, और अदालत ने मानवीय आधार पर उनके प्रत्यर्पण को अस्वीकार कर दिया था।

इसी मिसाल का हवाला देते हुए नीरव मोदी ने तर्क दिया कि अगर उन्हें भारत वापस भेजा गया तो उन्हें भी यातना का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, सीबीआई के अधिकारियों ने कार्यवाही के दौरान इस दावे का खंडन करते हुए तर्क प्रस्तुत किए।

ब्रिटेन के हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए पाया कि नीरव मोदी द्वारा दायर याचिका मामले को दोबारा खोलने के लिए आवश्यक असाधारण परिस्थितियों की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। न्यायालय ने कहा कि प्रस्तुत आधार पर्याप्त नहीं थे और इसलिए पूर्व के फैसले पर पुनर्विचार करना उचित नहीं होगा।

## नेपाल में पेट्रोल, केरोसीन और डीजल की कीमतों में 15 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी

### ईरान युद्ध के बीच कई देशों में कीमतों में उछाल, पेट्रोल स्टेशन पर राशनिंग शुरू




काठमांडू,(ए)। दुनिया की अर्थव्यवस्था पर ईरान और अमेरिका-इजराइल हमले का असर दिख रहा है। तेल की कीमतों में लगातार उछाल आ रहा है। कई देशों में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और पेट्रोल स्टेशन पर राशनिंग शुरू कर दी गई है। नेपाल ऑयल कॉर्पोरेशन (एनओसी) ने पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है।

मीडिया रिपोर्ट में एनओसी के हवाले से कहा गया है कि नेपाल में पेट्रोल, केरोसीन और डीजल की कीमतों में 15 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है, जो आज आधी रात से लागू हो जाएगी। पिछली बार कीमतों में बदलाव 15 मार्च को किया गया था। नए बदलाव के बाद पेट्रोल की कीमतें अब पहली कैटेगरी में 184.50 रुपए प्रति लीटर, दूसरी कैटेगरी में 186 रुपए और तीसरी कैटेगरी में 187 रुपए प्रति लीटर हो गई हैं। इसी तरह डीजल और केरोसिन पहली श्रेणी में 164.50 रुपए प्रति लीटर, दूसरी श्रेणी में 166 रुपए प्रति लीटर और तीसरी श्रेणी में 167 रुपए प्रति लीटर बेचा जाएगा।

एनओसी ने साफ कहा है कि घरेलू पेट्रोलियम कीमतों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हाल की वृद्धि के साथ संरेखित करने के लिए मूल्य वृद्धि जरुरी थी। इसी तरह डीजल और केरोसिन पहली श्रेणी में 164.50 रुपए प्रति लीटर, दूसरी श्रेणी में 166 रुपए प्रति लीटर और तीसरी श्रेणी में 167 रुपए प्रति लीटर बेचा जाएगा। सुरखेत और डांग दूसरी कैटेगरी में आते हैं, जबकि काठमांडू, पोखरा और दीपायल तीसरी कैटेगरी में शामिल हैं। एनओसी के मुताबिक इंटरनेशनल मार्केट में हाल की बढ़ोतरी के साथ घरेलू पेट्रोलियम कीमतों को अलाइन करने के लिए कीमतों में बढ़ोतरी जरूरी थी।

मीडिया के मुताबिक बांग्लादेश एनर्जी रेगुलेटरी कमीशन ने ईरान पर अमेरिका-इजराइल युद्ध से जुड़े वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव का हवाला देते हुए कंज्यूमर लेवल पर जेट फ्यूल की कीमतों में 80 फीसदी की भारी बढ़ोतरी कर दी गई है। बांग्लादेश में डोमेस्टिक फ्लाइट्स के लिए जेट फ्यूल की कीमत 112.41 टका से बढ़कर 202.29 टका प्रति लीटर तय की गई है। वहीं, इंटरनेशनल विमान के लिए जेट फ्यूल की कीमत 0.738 डॉलर प्रति लीटर से बढ़कर 1.3216 डॉलर प्रति लीटर होगी। अमेरिका में भी तेल की कीमतों में उछाल देखने को मिला।

वहीं पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 20-25 फीसदी तक उछाल आया।

## अबू धाबी में गिरा मिसाइल का मलबा, दो की मौत, तीन घायल

अबू धाबी,(ए.)। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में मिसाइल का मलबा गिरने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। गुरुवार को मीडिया कार्यालय ने अपने आधिकारिक एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने पोस्ट में बताया कि एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोकने के बाद, स्वेइहान स्ट्रीट में मलबा गिरा।



इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए और कई वाहनों क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके साथ ही लोगों को सलाह दी गई कि वे केवल आधिकारिक सोर्स से ही जानकारी लें, अफवाहें फैलाने से बचें और अपडेट का इंतजार करें।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले यूएई के रक्षा मंत्रालय की ओर से एक बयान जारी कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई। एक्स पोस्ट में बताया गया कि यूएई का एयर डिफेंस सिस्टम ईरान से होने वाले मिसाइल और ड्रोन हमलों का जवाब दे रहा है और देश के अलग-अलग हिस्सों में सुनाई देने वाली आवाजें एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने, साथ ही फाइटर जेट द्वारा ड्रोन और घूमते हुए हथियारों को इंटरसेप्ट करने का नतीजा है।

जब से ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल संघर्ष शुरू हुआ है, तब से यूएई में ईरानी स्ट्राइक में करीब 10 लोगों की मौत हो चुकी है। 21 मार्च को यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि आठ लोग मारे गए हैं, जिनमें सेना के दो सदस्य और पाकिस्तानी, नेपाली, बांग्लादेशी और फिलिस्तीनी देशों के छह आम नागरिक शामिल हैं।

# 'मुझे अपना सुप्रीम लीडर बनाना चाहता था ईरान, पर मैंने मना कर दिया', ट्रंप का हैरतअंगेज दावा

वॉशिंगटन (ए.)। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा दी है। एक रिपब्लिकन फंडरेज़र कार्यक्रम में ट्रंप ने दावा किया कि युद्ध से जूझ रहे ईरान के नेतृत्व ने उन्हें देश का अगला 'सुप्रीम लीडर' बनने का प्रस्ताव दिया था।

### 'मुझे वो नौकरी नहीं चाहिए'

ट्रंप ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि ईरानी नेतृत्व ने उनसे संपर्क कर यह पेशकश की। उन्होंने बताया कि उन्हें कहा गया—हम आपको अपना अगला सुप्रीम लीडर बनाना चाहते हैं। इस पर ट्रंप ने जवाब दिया—नहीं धन्यवाद, मुझे यह पद नहीं चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मौजूदा हालात में शायद ही कोई नेता ईरान की कमान संभालना चाहेगा।

### ईरान की स्थिति पर तीखा हमला



अपने संबोधन में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान अंदरूनी तौर पर कमजोर हो चुका है और समझौते के लिए बेताब है, लेकिन सार्वजनिक रूप से ऐसा कहने से डर रहा है। उनके अनुसार, ईरानी नेतृत्व को अपने ही लोगों और बाहरी खतरों का भय सता रहा है।

### नेतृत्व को लेकर अनिश्चितता

इस बीच ईरान में शीर्ष नेतृत्व को लेकर अटकलें तेज हैं। अली खामेनेई की मौत की खबरों के बाद सत्ता को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है, लेकिन हालिया घटनाओं के बाद से उनकी सार्वजनिक मौजूदगी नहीं देखी गई है।

### ईरान ने किया खंडन

हालांकि, तेहरान ने ट्रंप के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि ऐसी कोई पेशकश या आधिकारिक बातचीत नहीं हुई है। उनका कहना है कि फिलहाल युद्ध को लेकर केवल सीमित स्तर पर संदेशों का आदान-प्रदान हो रहा है, न कि कोई ठोस वार्ता। मिडिल ईस्ट में जारी इस तनाव के बीच ट्रंप का यह बयान कूटनीतिक बहस को और तेज कर सकता है।

## 92 फीसदी जहाज किए नष्ट... 10 हजार ठिकानों पर हमले, ईरान से जंग को लेकर अमेरिका का दावा

तेहरान/वॉशिंगटन (ए.)। इजरायल ने ईरान के इस्फहान शहर के आसपास बड़े पैमाने पर हमले किए हैं। इजरायल-ईरान के बीच जारी संघर्ष अब 27वें दिन में प्रवेश कर चुका है। हमलों में ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने दावा किया है कि युद्ध की शुरुआत के बाद से उसने ईरान के लगभग 10 हजार ठिकानों पर हमले किए हैं। अमेरिकी सेना के अनुसार, ईरान के 92 प्रतिशत जहाज भी नष्ट कर दिए गए हैं। स्थानीय लोगों और मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुरुवार (26 मार्च 2026) सुबह इस्फहान क्षेत्र में जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इस्फहान में ईरान का एक प्रमुख एयरबेस और कई अन्य सैन्य सुविधाएं मौजूद हैं। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'फार्स' ने दावा किया कि हमले दो आवासीय इलाकों में भी हुए, हालांकि विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई।

# जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं पेट्रोल-डीजल और एलपीजी सिलेंडर

## खाद्य विभाग के अधिकारी कर रहे पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों का निरीक्षण



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के उद्देश्य से खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसियों के गोदामों, होटलों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। आष्टा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री मृगी अग्रवाल ने आष्टा के जिओ फिलिंग, परमार फिलिंग, प्रज्ञा फ्यूल्स, मेहर फिलिंग सहित अनेक पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध पाया गया। इसके साथ ही कोठरी में निरीक्षण के दौरान एक रेस्टोरेंट पर घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक दुरुपयोग पाए जाने पर घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया है। सुश्री मृगी अग्रवाल ने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा निरंतर पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की निगरानी की जा रही है तथा वर्तमान में आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कोई बाधा नहीं है।

### एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत राज्य टीकाकरण अधिकारी ने दोराहा सीएचसी का किया निरीक्षण

सीहोर (निप्र)। राज्य टीकाकरण अधिकारी सूर्यप्रकाश दीक्षित ने सीहोर जिले के दोराहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर किए जा रहे एचपीवी टीकाकरण का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर अब तक किए गए एचपीवी टीकाकरण की जानकारी ली और टीकाकरण के लिए सभी 14-15 आयु वर्ग की बालिकाओं को प्रेरित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र पर टीका लगवाने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम आयोजित

### पेड़ और जल स्त्रोतों की पूजा कर दिया जल एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश



सीहोर (निप्र)। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम छतरी, रायपुरा और मुहाली में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वृक्ष एवं जल स्त्रोतों का पूजन कर जल एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया और ग्रामवासियों को जल और प्रकृति के संरक्षण के प्रेरित किया गया। कार्यक्रम ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने जल मंदिर की स्थापना, प्रभात फेरी, कलश यात्रा, भूमि पूजन, भजन संध्या, दीपमाला, देवी गीत, संकीर्तन, आरती, जल प्रबंधन एवं नर्सरी स्थापना सहित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामवासियों को बताया कि इस अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से ही सफल बनाया जा सकता है, इसलिए हम का यह दायित्व है कि हम आगे आकर जल स्त्रोंतो और पेड़ों का संरक्षण करें और इस अभियान को सफल बनाएं।

# जिला स्तरीय ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 32 मेधावी बच्चों को कलेक्टर एवं सीईओ ने किया सम्मानित

### निरंतर मेहनत करने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए किया प्रेरित



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में राज्य स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 8 तक के विषयवार टॉप करने वाले जिले के 32 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को ट्रैकसूट, कैप, बैग, पानी की बोतल, टिफिन, ज्योमेट्री बॉक्स की किट, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही सभी बच्चों के माता-पिता एवं मार्गदर्शी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 1738 बच्चों ने सहभागिता की थी, जिसमें से 32 बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के. एवं सीईओ श्रीमती यादव ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही सफलता प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के साथ ही उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह मेहनत करते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर वर्मा, अशोक वर्मा, सुरेंद्र यादव, लखन माहेश्वरी और प्रदीप नागिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# राजस्व मंत्री ने इछावर सिविल अस्पताल में पीड़ित परिवारजनों से भेंट कर जाना कुशल क्षेम

सीहोर (निप्र)। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने इछावर तहसील के ग्राम बावड़िया नोआबाद में गत दिवस एक निजी कार्यक्रम के दौरान भोजन करने से घटित फूड प्वाइजनिंग की घटना के कारण पीड़ित एवं परिवारजनों से इछावर सिविल अस्पताल में भेंट की एवं उनका कुशल क्षेम जाना। इसके साथ ही राजस्व मंत्री ने चिकित्सकों को सभी आवश्यक उपचार करने तथा संबंधित अधिकारियों को इस घटना के कारणों की जांच करने के निर्देश दिए।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण के लिए फील्ड मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## प्रशिक्षण के बाद अब प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षण देंगे फील्ड ट्रेनर्स



सीहोर (निप्र)। जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जनगणना कार्य के सफल संपादन के लिए सीहोर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में 24 से 26 मार्च तक फील्ड लेवल मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के पश्चात् ये सभी फील्ड ट्रेनर्स प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को जनगणना कार्य के लिए प्रशिक्षित करेंगे।

आयोजित प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर्स को जनगणना कार्यों की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि जिले में जनगणना कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण 01 मई से 30 मई 2026 के मध्य आयोजित किया जाएगा, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 में संपन्न होना प्रस्तावित है। फील्ड ट्रेनर्स को बताया कि जनगणना के दौरान प्रगणक द्वारा परिवार के मुखिया से सवाल पूछे जाएंगे और मुखिया द्वारा दिए गए उत्तर अनुसार एचएलओ ऐप में एंट्री की जाएगी, इसमें 34 प्रशन होंगे और डेटा संख्यात्मक रूप में अपडेट होगा। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जो भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी।

आंकड़ों का संकलन मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही नागरिकों को स्वयं अपना डेटा भरने की सुविधा देने के लिए स्व-गणना वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है। मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन ब्लॉक क्रिएटर वेब पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा, जबकि जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली वेब पोर्टल के जरिए संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग की जाएगी।

# आज किया जाएगा महायज्ञ का ध्वजारोहण और यज्ञ शाला का भूमि पूजन

सीहोर (निप्र)। शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नरसिंह लक्ष्मी मंदिर में शुक्रवार को सुबह नौ बजे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का ध्वजारोहण एवं यज्ञशाला का भूमि पूजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंडित कुणाल व्यास ने बताया कि संत माधव दास महाराज श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर के मार्गदर्शन में आगामी दिनों में होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई है। महायज्ञ के लिए शुक्रवार की सुबह नौ बजे शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नरसिंह लक्ष्मी मंदिर में पूर्ण विधि-विधान से ध्वजारोहण एवं यज्ञशाला का भूमि पूजन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। संत माधव दास महाराज ने बताया कि यहां मंदिर क्षेत्र का प्राचीन है और यहां पर नियमित रूप से पूजा अर्चना की जाती है। वहीं आगामी दिनों में महायज्ञ की तैयारियां की जाएगी।

# सवा चार करोड़ से बनाया जाएगा क्रिकेट स्टेडियमः इछावर बाइपास रोड पर 6 एकड़ में होगा निर्माण, नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

## बाउंड्री का 80 प्रतिशत और बिल्डिंग का 40 प्रतिशत कार्य पूरा, 2027 से पहले हो जाएगा तैयार

सीहोर (निप्र)। क्षेत्र में अनेक खिलाड़ी ऐसे है जिन्होंने क्षेत्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। शहर में फुटबाल आदि का मैदान है, लेकिन क्रिकेट का बीएसआई के अलावा कोई भी आधुनिक मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास करने का मौका नहीं मिलता है। वहीं इसके निर्माण के साथ ही खेल प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। क्रिकेटरों को 2027 से पहले आधुनिक स्टेडियम की सौगात मिलने वाली है। इसके लिए इछावर बाइपास रोड पर रेशम केन्द्र के पास तेजी से स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा होने जा रहा है। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार, इंजीनियर विजय कोली के अलावा अन्य पार्षदों ने निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयसीमा में कराए जाने की बात कही।

शहर में खिलाड़ियों के खेलने के लिए स्टेडियम की सुविधा देने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने इछावर बाइपास रोड रेशम केन्द्र के पास करीब चार करोड़



16 लाख की लागत से छह एकड़ क्षेत्र में बनाए जाने वाले आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर यहां पर उपस्थित अमले ने बताया कि खेल मैदान की बाउंड्री का 80 प्रतिशत और बिल्डिंग का 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। 2027 से खिलाड़ियों को सौगात मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

करीब छह एकड़ क्षेत्र में बनाए जाने वाले क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए निर्माण कार्य किए जाऐंगे। खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था भी स्टेडियम में रहेगी। शहर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इन खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं से लेस स्टेडियम शीघ्र ही निर्मित हो जाएगा। सवा चार करोड़ रुपए से अधिक से बनाए जाने वाले स्टेडियम स्थल का निरीक्षण गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि राजधानी भोपाल में आधुनिक स्टेडियम है, उसी की तर्ज पर इस स्टेडियम का निर्माण कार्य किया जाएगा।

यहां पर पिचों का निर्माण के साथ आधुनिक मशीनों के द्वारा खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियों से अवगत किया जाएगा। करोड़ों रुपए की लागत से बनाए जाने वाले स्टेडियम में मैदान पर घास व पानी की व्यवस्था कर मैदान बनाया जाएगा, इससे खिलाड़ियों के साथ बड़े आयोजन करने में सुविधा होगी।

# शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

सीहोर (निप्र)। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन को आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। ऐसे में जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसके लिए आमजनों को भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करना आवश्यक है। कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, जिससे शार्ट सर्किट से होने वाली हानियों से बचा जा सके।

एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं, या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते शार्ट सर्किट की घटनाएं होती हैं। इसलिए जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजली कंपनी आपको पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, ताकि शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके। यदि विद्युत लाइनों से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत हों तो तत्काल कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर, उपाय ऐप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में अवश्य दें।

# 30 मार्च से शहर के चर्च मैदान ग्रीष्म कालीन निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण

### रोमांचक मुकाबले में सीहोर रेड ने सीहोर ग्रीन को 2-1 से हराया



सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में गुरुवार की शाम को रोमांचक मुकाबला सीहोर रेड और सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर रेड ने 2-1 से शानदार जीत हासिल की। इस मुकाबले में सीहोर रेड की ओर से अंतिम समय में राज ने एक गोल किया। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को सीहोर ग्रीन और सीहोर रेड के मध्य कांटे का मुकाबला खेला गया। इसमें रेड और ग्रीन दोनों ही हाफ टाइम तक एक-एक गोल से बराबरी पर थी, लेकिन रेड ने अंतिम समय पर गोल कर जीत हासिल की। इस मैच में सीहोर रेड की ओर से राज-अग्रीम ने एक-एक गोल और ग्रीन की ओर से एक मात्र गोल अंश ने किया।

### जब तक किसान फसल विक्रय ना कर दे, तब तक बिजली विभाग ना करे वसूली

सीहोर (निप्र)। सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने बयान जारी कर बताया कि सीहोर में बिजली विभाग द्वारा हिटलरशाही रवैया अपनाते हुए किसानों के ट्रैक्टर, गाडियां घरों से उठाई जा रही हैं, कुर्की की कार्रवाई हो रही है और जिले की प्रभारी मंत्री को इसकी जानकारी ही नहीं। गुरुवार को मण्डी नवीन सब स्टेशन का उद्घाटन करने आई सीहोर जिला प्रभारी श्रीमती कृष्णा गौर के द्वारा जब पत्रकार बन्धुओं द्वारा पुछा गया कि बिजली विभाग द्वारा किसानों के ट्रैक्टर, गाडियां घरों से उठाई जा रही हैं, कुर्की की कार्रवाई हो रही है, तब प्रभारी मंत्री ने अनभिज्ञता जाहीर करते हुए कहा कि मेरे संज्ञान में नही मैं जिला प्रशासन इस मामले की जानकारी लेती हूं। इस पर श्री गुजराती ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिजली विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी 72 घण्टों से मीडिया व सौशल मीडिया पर आ रही है और हैरानी की बात है कि प्रभारी मंत्री को इसकी कोई जानकारी तक नही है। जबकि उनके पीछे कलेक्टर महोदय और भाजपा के जनप्रतिनिधि खड़े हुए है, फिर भी इतना बड़ा मामला संज्ञान में न होना सच में हास्यास्पद है। अफसोस की बात तो यह है कि वर्तमान में किसान अपनी फसल कटाई मैं लगा हुआ है, ऐसी स्थिति में किसान कहाँ से बिजली विभाग का बकाया बिल जमा कर पायेगा।

# मरीह माता मंदिर पर आज सुबह किया जाएगा भव्य भंडारे का आयोजन

### दुर्गा अष्टमी पर महागौरी को पंचामृत से स्नान करा पूजा-अर्चना, आरती का आयोजन
### मां दुर्गा की कृपा पाने के लिए जरूरी है कन्या पूजा-मनोज दीक्षित मामा



सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर शहर के विश्राम घाट स्थित दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर कन्या भोज के साथ पूजन के साथ उनकों शिक्षा सामग्री के वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मंदिर परिसर में पंडितों के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ पूर्ण विधि-विधान से दुर्गा अष्टमी पर महागौरी को पंचामृत से स्नान करा पूजा अर्चना की और सुबह भव्य हवन यज्ञ के बाद यहां पर मौजूद कन्याओं का जल से पैर धोकर उनके माथे पर तिलक किया।

महाष्टमी का पर्व होने के कारण मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने पूजा अर्चना की। सुबह दस बजे आरती के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को सुबह हवन के दौरान मंदिर के व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, पंडित उमेश दुबे आदि श्रद्धालुओं के द्वारा 108 से अधिक आहुतियां दी गई। दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर महागौरी की पूजा अर्चना की।

**नवरात्र पर्व के आठवें दिन महागौरी की पूजा होती**

संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि नवरात्र पर्व के आठवें दिन महागौरी की पूजा होती है। महागौरी गौर वर्ण की है और इनके आभूषण और वस्त्र स्वेत रंग के हैं। इनकी चार भुजाएं है और वृषभ पर सवार होने के कारण इन्हें वृषारूढा भी कहा जाता है। सफेद वस्त्र धारण करने के कारण इन्हें स्वेतांबरा भी कहा गया है। मां महागौरी देवी पार्वती का एक रूप हैं। पार्वती ने भगवान शिव को कठोर तपस्या करने के बाद उन्हें पति के रूप में पाया था। कथा है कि एक बार देवी पार्वती भगवान शिव से रूष्ट हो गईं। इसके बाद वह तपस्या पर बैठ गईं। जब भगवान शिव उन्हें खोजते हुए पहुंचे तो वह चकित रह गए। पार्वती का रंग, वस्त्र और आभूषण देखकर उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं। महागौरी करुणामयी, स्नेहमयी, शांत तथा मृदुल स्वभाव की हैं। मां गौरी की आराधना सर्व मंगल मंग्लये, शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ये त्रयंबके गौरि नारायणि नमोस्तुते..। इसी मंत्र से की जाती है। कहा जाता है कि एक बार भूखा शेर उन्हें निवाला बनाने के लिए व्याकुल हो गया पर उनके तेज के कारण वह असहाय हो गया। इसके बाद देवी पार्वती ने उसे अपनी सवारी बना लिया था। मां के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना करने से धन, सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। वहीं नवरात्रि के नौवें दिन सुबह हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया, भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com